


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 177

ग्वालियर, बुधवार, 16 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## द कश्मीर फाइल्स को प्रमोट करने से कपिल शर्मा ने किया था मना

### मैने कमेडी शो में गंभीर फिल्म को प्रमोट करना ठीक नहीं समझा:अनुपम खेर

**नई दिल्ली।** फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स 1990 में कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार को बयां करती है। यह फिल्म कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। वहीं इस फिल्म को लेकर कॉमेडी किंग कपिल शर्मा भी विवादों में आ गए। दरअसल द कश्मीर फाइल्स फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने कपिल शर्मा पर आरोप लगाया था कि कॉमेडियन ने अपने शो में उनकी फिल्म को प्रमोट करने के लिए इनवाइट नहीं किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने कपिल शर्मा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। साथ ही कई यूजर्स ने तो कपिल के शो को बॉयकॉट करने की बात भी कही। कपिल पर लगे आरोपों पर अब अभिनेता अनुपम खेर ने चुप्पी तोड़ी है और सच बताया है। एक इंटरव्यू में अनुपम खेर ने बताया कि उन्हें द कपिल शर्मा शो में द कश्मीर फाइल्स को प्रमोट करने के लिए 2 महीने पहले इनवाइट किया गया था। खेर ने कहा कि फिल्म बहुत सीरियस मुद्दे पर बनी है, इसलिए वह शो का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे और उन्होंने कपिल को मना कर दिया। खेर ने कहा कि मैं ईमानदारी से कहूंगा कि मुझे कपिल का फोन



आया था और उन्होंने इस फिल्म को शो में प्रमोट करने को कहा। खेर ने बताया कि लेकिन फिल्म का मुद्दा काफी सीरीयस है और कपिल का शो कॉमेडी का है ऐसे में इस तरह की फिल्म पर फनी शो में बात करना बेहद मुश्किल है। यह 2 महीने पहले की बात है, मुझे बोला गया कि आप आ जाइए लेकिन मैंने इंकार कर दिया। खेर ने कहा कि द कपिल शर्मा शो में द कश्मीर फाइल्स जैसी गंभीर फिल्म को प्रमोट करना ठीक नहीं समझा, इसलिए मैंने मना कर दिया। अनुपम खेर के सच बताने के बाद कपिल शर्मा ने उनको शुक्रिया कहा। कपिल ने अनुपम खेर के इंटरव्यू के वीडियो को ट्विटर पर शेयर करते हुए लिखा, थैंक्यू पाजी अनुपम खेर मेरे खिलाफ सभी गलत आरोपों को स्पष्ट करने के लिए और उन सब दोस्तों का भी शुक्रिया, जिन्होंने बिना सच जाने मुझे इतनी मोहब्बत दी, खुश रहिए, मुस्कुराते रहिए। हाल ही में एक यूजर ने कपिल पर आरोप लगाते हुए सवाल किया था कि क्या वो कश्मीर फाइल्स को प्रमोट करने से घबरा गए हैं? सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग और यूजर के सवाल पर कपिल ने बड़े प्यार से जवाब दिया था। कपिल ने यूजर के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा था- यह सच नहीं है राठौर साहब। आपने पूछा इसलिए बता दिया। बाकी जिन लोगों ने सच मान ही लिया उनको सफाई देने का क्या फायदा, एक एक्सपीरियंस्ड सोशल मीडिया यूजर होने के नाते एक सुझाव देता हूं कि आज के सोशल वर्ल्ड में कभी भी एक साइड की स्टोरी पर यकीन नहीं करना...धन्यवाद।

## जी-23 नेताओं को किनारे करना चाहती है कांग्रेस अब युवाओं का भविष्य : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में मंथन का दौर जारी है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि भविष्य में युवाओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी



ने कहा कि हमें भविष्य की ओर देखने की जरूरत है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को इस बात पर दुख भी हुआ। जयराम रमेश ने कहा कि अपनी मांग बढ़ाने के लिए कांग्रेस को नये तरीके से सोचना चाहिए। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हुए नुकसान को लेकर बैठक में चर्चा की गई। रमेश की रणनीति पर एआईसीसी की महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि इस बार 45 फीसदी ऐसे लोगों को टिकट दिया गया था जिनकी उम्र 45 साल से नीचे हैं। इसमें 40 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस तर्क से सहमत थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में युवाओं पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी अच्छी रणनीति के साथ आगे बढ़े तो गुजरात चुनाव में भाजपा को हराया जा सकता है।

## पाकिस्तान में कैसे गिर गई भारत की मिसाइल राज्यसभा में राजनाथ सिंह ने बताया

**नई दिल्ली।** भारत ने हाल ही में गलती से एक मिसाइल दागी थी जो पाकिस्तान में उतरी। भारत इस दुर्घटना पर गहरा खेद जताते हुए कहा था कि घटना उसके नियमित रखरखाव के



दौरान एक तकनीकी खराबी के कारण हुई थी। पाकिस्तान की सेना ने दावा किया था कि ये मिसाइल भारत की तरफ से छोड़ी गई थी। वहीं राज्यसभा में बयान के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इस गरिमामयी सदन को, 9 मार्च 2022 को हुई एक घटना से अवगत कराना चाहता हूँ। यह घटना, इनस्फेक्सन के दौरान अनजाने में हुई एक मिसाइल के छोड़े जाने से संबंधित है। मिसाइल यूनिट के रुटीन मेंटेनेंस और जांच के दौरान, शाम को लगभग 7 बजे, दुर्घटनावश, एक मिसाइल लॉन्च हो गई। बाद में ज्ञात हुआ, कि यह मिसाइल पाकिस्तान के क्षेत्र में जा कर गिरी। यह घटना खेदजनक है। परन्तु यह राहत की बात है, कि इस दुर्घटना से किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि मैं सदन को सूचित करना चाहता हूँ कि सरकार ने इस घटना को गंभीरता पूर्वक लिया है और इसके लिए एक औपचारिक उच्च स्तरीय जाँच के आदेश दे दिए गए हैं। कथित दुर्घटना का सटीक कारण जांच के बाद पता चलेगा।

# स्कूल-कॉलेजों में हिजाब की इजाजत नहीं : कर्नाटक हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने पर रोक के खिलाफ मुस्लिम छात्राओं की याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि हिजाब पहनना इस्लाम में अनिवार्य नहीं है। मुस्लिम नेता इस फैसले से निराश नजर आ रहे हैं। मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने स्कूल और कॉलेजों में हिजाब पहनने पर अपना फैसला सुना दिया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हिजाब इस्लाम के अनिवार्य धार्मिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है और इस तरह संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षित नहीं है। साथ ही हाईकोर्ट ने कहा छात्र स्कूल यूनिफॉर्म पहनने से मना नहीं कर सकते हैं और स्कूल यूनिफॉर्म पहनने का नियम वाजिब पाबंदी है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सरकार के आदेश को चुनौती का कोई आधार नहीं है। स्कूल और कॉलेजों में हिजाब पर बैन का मामला पहले हाईकोर्ट की सिंगल बेंच सुन रही थी, जिसके बाद मामले को पूर्ण बेंच को भेज दिया गया था। हाईकोर्ट की पूर्ण बेंच ने कहा राज्य सरकार द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म का तय किया जाना अनुच्छेद 25 के तहत छात्रों के अधिकारों पर उचित प्रतिबंध है और इस तरह से 5 फरवरी को कर्नाटक सरकार की ओर से जारी सरकारी आदेश उनके अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिसमें सरकारी पीयू कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं को हिजाब के साथ कॉलेज में दाखिल करने से इनकार करने की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। हिजाब इस्लाम का हिस्सा नहीं फैसले के बाद कर्नाटक के महाधिवक्ता प्रभुलिंग नवदगी ने कहा, व्यक्तिगत पसंद पर संस्थागत अनुशासन प्राथमिक होता है। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 25 की व्याख्या में एक बदलाव का प्रतीक है दूसरी ओर कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। मैं अदालत में गई लड़कियों से अनुरोध करता हूं कि वे फैसले का पालन करें, शिक्षा किसी भी अन्य चीजों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पत्रकारों से कहा, मैं कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। मेरी सभी से अपील है कि राज्य और देश को आगे बढ़ाएं। सभी को हाईकोर्ट के आदेश को मानकर शांति बनाए रखनी है। छात्रों का मूल कार्य पढ़ाई करना है।



### हिजाब पर हाईकोर्ट के फैसले से मुस्लिम छात्राएं असहमत

-बोली, 1400 साल से माना जा रहा इसे जरूरी

**भोपाल।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कक्षा में हिजाब पहनने के मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया है। स्कूल-कॉलेजों में हिजाब पहनने की इजाजत नहीं मिलेगी। जिसके बाद भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस का नहीं बल्कि मेरा खुद का फैसला है। दरअसल कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा। मुस्लिम बच्चियों के लिए किए गए अनिवार्यता पर हमें आपत्ति है। आरिफ मसूद ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य हैं। वहीं हिजाब पर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर मुस्लिम छात्राओं ने आपत्ति जताई है। भोपाल की मुस्लिम छात्राओं ने कहा है कि इस्लाम में महिलाओं को हिजाब पहनना अनिवार्य है। अगर हिजाब नहीं पहनने दिया जाएगा, तो वो स्कूल और कॉलेज नहीं जाएंगी। मुस्लिम छात्राओं ने आगे कहा कि हिजाब हमारी च्वाइस है। हमें किसी कोर्ट का फैसला मंजूर नहीं है। हिजाब हमें लोगों की गंदी नजरों से बचाता है। 1400 साल से हिजाब को इस्लाम में जरूरी माना गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ हिजाब पहनी हुई लड़कियों को टार्गेट किया जाता है। दूसरे धर्मों पर कोई सवाल नहीं उठाता है।

## खास खबर

### चुनाव में हार के बाद पंजाब में कांग्रेस का झगड़ा बढ़ा

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद से राज्य में कांग्रेस का झगड़ा बढ़ता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी पर कांग्रेस नेताओं का गुस्सा फूटा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि चन्नी के चेहरे की वजह से कांग्रेस हारी। भ्रष्टाचार के आरोप लगे फिर भी पार्टी ने चेहरा नहीं बदला। ये बात पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कही है। कांग्रेस नेता दर्शन बराड़ ने कहा, चन्नी को पार्टी से चलता कर देना चाहिए। पूरे परिवार की नौकरियां छुड़वाकर चन्नी उनको कांग्रेस में शामिल करवाना चाहते थे। चन्नी का भाई कांग्रेस के खिलाफ लड़ा, लेकिन उसे रोका नहीं। दर्शन बराड़ ने कहा कि चन्नी और जाखड़ को पार्टी से निकालकर नवजोत सिद्धू को सारी पॉवर दी जानी चाहिए। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सुनील जाखड़ ने चरणजीत सिंह चन्नी को एक %बोझ% बताया था, जिनके ÷लालच ने पार्टी को नीचे ला दिया।% जाखड़ ने बिना नाम लिए पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेता जाखड़ उन खबरों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें कहा गया था कि रविवार को नयी दिल्ली में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में पंजाब चुनाव में कांग्रेस की हार पर चर्चा के दौरान इस बात पर चर्चा की गई कि कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व निवर्तमान मुख्यमंत्री चन्नी का समर्थन करने में कैसे विफल रहा, जिन्हें %पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उपयोगी नेता (एसेट) के तौर पर पेश किया गया था।% आम आदमी पार्टी ने 117 सदस्यीय पंजाब विधानसभा में 92 सीट पर जीत हासिल की है। चुनावों में कांग्रेस की हार हुई और वह केवल 18 सीट ही जीत सकी।

### नवाब मलिक को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका नहीं मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** एनसीपी नेता नवाब मलिक को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने मलिक की उस याचिका को खारिज कर दिया जदिसमें उन्होंने ईडी की कस्टडी से तत्काल रिहाई की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि कुछ ऐसे मामले हैं जिनमें सुनवाई जरूरी है और अभी राहत नहीं दी जा सकती। जस्टिस प्रसन्ना वराले और जस्टिस श्रीराम मोदक की बेंच ने कहा, %इस ममाले में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनपर सुनवाई बहुत जरूरी है। हम इस अंतरिम आवेदन पर स्वीकृति नहीं दे सकते हैं इसलिए इसे खारिज किया जा रहा है।% याचिका मे मलिक ने दावा किया था कि 23 फरवरी को उनकी गिरफ्तारी और पीएमएलए कोर्ट की तरफ से दी गई रिमांड गैरकानूनी है। पीएमएलए के तहत कार्रवाई से पहले ही यह आदेश दिया गया था। सीनियर वकील अमित देसाई ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट ने ईडी को कस्टडी देकर गलत किया है जब कि उनके रेट्रोस्पेक्टिव ऐप्लिकेशन पर ध्यान नहीं दिया गया।

### कांग्रेस की हार के लिए पूरी तरह गांधी परिवार जिम्मेदारः अमरिंदर सिंह

**नई दिल्ली।** अमरिंदर सिंह ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के लिए पूरी तरह से गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने दावा किया कि उनके मुख्यमंत्री पद से हटने से पहले पार्टी की स्थिति पंजाब में बेहतर थी। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की ओर से पांच राज्यों में पार्टी की हुई हार की समीक्षा करने के एक दिन बाद सिंह का यह बयान आया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और %भ्रष्ट% चरणजीत सिंह चन्नी पर कटाक्ष किया। मालूम हो कि सिंह की जगह चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे। पिछले साल मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी और अपनी पार्टी 'पंजाब लोक कांग्रेस' बनाई। सिंह ने पंजाब में कांग्रेस की हार का दोष उन पर डालने की कोशिश करने के लिए सीडब्ल्यूसी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा वे दोष मढ़ने के बजाय अपनी गलतियों को स्वीकार करें। कांग्रेस न केवल पंजाब में बल्कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी हार गई है और पार्टी की शर्मनाक हार के लिए गांधी परिवार पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। अमरिंदर ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि देश भर में लोगों का गांधी परिवार के नेतृत्व पर से विश्वास उठ चुका है। हाल में सम्पन्न हुए पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 18 सीट पर जीत मिली और आम आदमी पार्टी (आप) ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 92 सीट हासिल कीं। अमरिंदर सिंह ने दावा किया कि पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ नेता पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी कलह और राज्य में खराब प्रदर्शन के लिए नवजोत सिद्धू के पार्टी विरोधी बयानों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पार्टी ने सीमावर्ती राज्य में उसी दिन अपनी कब्र खोद ली थी, जब उसने नवजोत सिद्धू जैसे अस्थिर और आडंबरपूर्ण व्यक्ति का समर्थन किया और चुनाव से कुछ महीने पहले चरणजीत सिंह चन्नी जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने का फैसला किया।

## चीन में टूटे कोरोना के सारे रिकॉर्ड, 5 करोड़ लोग घरों में कैद



- वायरोलॉजिस्ट बोले- ये झूठ बोलने का वक्त नहीं, रणनीति बनाने का है
- बढ़ते मामलों को देखते हुए चीन के कई प्रांतों में लॉकडाउन लगाया
- कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह ओमिक्रॉन वैरिएंट को माना जा रहा है

**नई दिल्ली।** जिस चीन से कोरोना वायरस के निकलने की बातें कही जाती रहीं हैं, वहां अब फिर से संक्रमण से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। चीन में कोरोना के सारे रिकॉर्ड टूटने लगे हैं। चीन में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 5 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। जब से महामारी शुरू हुई है, तब से चीन में कभी भी एक दिन में इतने ज्यादा केस नहीं आए हैं। इसी बीच शंघाई के वायरोलॉजिस्ट ने चेताया है कि ये समय झूठ बोलने का नहीं बल्कि महामारी के खिलाफ रणनीति बनाने का है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, चीन में बीते 24 घंटे में कोरोना के 5,280 नए मामले सामने आए हैं। इससे एक दिन पहले 1,337 केस आए थे। कोरोना की इस लहर में चीन का जिलिन प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए चीन के कई प्रांतों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। 5 करोड़ से ज्यादा लोग घरों में कैद कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा 2।4 करोड़ लोग जिलिन प्रांत के हैं। इसके बाद शेनजेन के 1।75 करोड़ लोग और डोंगुआन के 1 करोड़ लोग लॉकडाउन में हैं। चीन में अब तक कोरोना की कई लहर सामने आ चुकी है, लेकिन फरवरी 2020 के बाद से कभी भी इतने ज्यादा मामले नहीं आए। हालांकि, इस नई लहर में अब तक किसी की मौत होने की जानकारी नहीं है। चीन अपनी जीरो-कोविड पॉलिसी की तारीफ करता है। चीन में जब भी कोरोना की नई लहर आती है तो वो सख्त लॉकडाउन लगा देता है और वहां के हर व्यक्ति की कोरोना जांच करता है। इस बार भी चीन में ऐसा ही हो रहा है। चीन के बीजिंग, शंघाई, जिलिन, शेनजेन जैसे प्रांतों में सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया है। बस और मेट्रो सर्विस भी बंद कर दी गई है। कोरोना के मामलों को पकड़ने के लिए मेडिकल टीम एंटीजन टेस्ट कर रही है। ये टेस्टिंग सड़क किनारे भी हो रही है।

## परिवारवाद की राजनीति बीजेपी में नहीं चलेगी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** बीजेपी का संसदीय दल की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर सांसदों के बच्चों को टिकट ना देना पाप है तो मैंने यह पाप किया है। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। पीएम मोदी ने कहा, अगर किसी के टिकट कटे हैं तो यह मेरी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से यह भी कहा कि वह इसका आकलन करें कि चुनावों में बीजेपी को कुछ सीटों हार का सामना क्यों करना पड़ा। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से कहा, आप अपने अपने इलाके में हारे हुए 100-100 बूथों का आकलन करें और एक रिपोर्ट तैयार करिए कि हम क्यों हारे ताकि उन हार के कारणों का पता लगाया जा सके और आगे ठीक किया जा सके। पीएम ने पार्टी सांसदों को कड़ा संदेश देते हुए कहा,



पार्टी में परिवारवाद नहीं चलेगा। वंशवाद राजनीति के लिए दूसरी पार्टियां हैं। पीएम मोदी ने इस बैठक में यूक्रेन से भारतीयों को निकालने को लेकर भी बात की। साथ ही हाल ही में रिलीज हुई फिल्म कश्मीर फाइल्स को लेकर कहा कि कश्मीर का सच दबाने की कोशिशें हुईं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शानदार जीत मिली है। यूपी में बीजेपी ने इतिहास रचते हुए एक बार फिर बाजी मारी है। सारे मिथकों को ध्वस्त करते हुए योगी आदित्यनाथ एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं। यूपी में बीजेपी गठबंधन को 273 सीट मिली हैं। वहीं सपा गठबंधन को 125 सीट मिली हैं। कांग्रेस को 2 और बसपा को 1 सीट मिली है। वहीं उत्तराखंड में बीजेपी ने 47 सीटें जीती हैं। जबकि कांग्रेस को 19 सीटों से संतोष करना पड़ा। गोवा में बीजेपी बहुमत से महज एक सीट पीछे है लेकिन सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी को 20 सीटें मिली हैं। जबकि कांग्रेस को 11, आप को 2 और अन्य को 7 मणिपुर में बीजेपी ने 32 सीटें जीती हैं। अन्य को 16, एनपीपी को 7 और कांग्रेस को 5 सीटों से ही संतोष करना पड़ा।

## एक्शन में बुलडोजर बाबा, मेरठ में माफिया बददो से सरकारी जमीन मुक्त कराई

**मेरठ।** यूपी में माफिया के खिलाफ कार्रवाई के कारण बुलडोजर बाबा के नाम से विख्यात हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार का दंबगों के खिलाफ एक्शन जारी है। टीपी नगर के जगन्नाथ पुरी स्थित ढाई लाख के इनामी बदन सिंह बद्दो से खरीदे गए पार्क में बनी अवैध दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का कुख्यात माफिया बदन सिंह बद्दो अवैध शराब तथा जमीन पर कब्जा करने के मामले में कार्रवाई के बाद से फरार है। चुनाव संपन्न होने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार फिर से एक्शन मोड में आ गई है। 15 मार्च को योगी सरकार ने माफिया के अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान प्रारंभ



कर दिया है। इसी क्रम में मेरठ में कार्रवाई की गई। फरार माफिया कुख्यात बद्दो की कब्जा कर बेची गई अवैध संपत्ति पर मंगलवार को मेरठ में योगी का बुलडोजर चल गया। बद्दो ने दूसरों के नाम पर अपना अवैध साम्राज्य खड़ा किया है। पुलिस की अभिरक्षा से फरार बदन सिंह पर ढाई लाख का इनाम घोषित है। माफिया बददो ने सरकारी पार्क की जमीन पर अवैध कब्जा करके उन्हें बेचा है। जहां पर फैक्ट्री तथा मकान बने हैं। मेरठ विकास प्राधिकरण ने अवैध कब्जे वाली ढाई बीघा जमीन को मंगलवार को मुक्त कराया है। टीपी नगर के जगन्नाथ पुरी में पार्क की जमीन पार्षद राजीव उर्फ काले के साले शिव कुमार की पत्नी रेनू गुप्ता के नाम है। एमडीए की टीम ने मंगलवार को पुलिस को साथ लेकर दुकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। शिवकुमार ने यह दुकान पटेल नगर के कबाड़ी नईम को किराए पर दी हुई है। सोतीगंज बंद होने के बाद नईम कबाड़ी ने जगन्नाथपुरी में अपना गोदाम बना रखा था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### श्रेयस अय्यर ओर अमेलिया आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को पुरुष वर्ग से फरवरी महीने के लिए आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड मिला है। वहीं महिला वर्ग से न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर को यह अवार्ड मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसके लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा कर दी है। श्रेयस के अलाव अवार्ड की दौड़ में संयुक्त अरब अमीरात के वृत्य अरविंद और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी भी थे। अय्यर को पिछले महीने वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड मिला था। श्रेयस ने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 80 रन की मैच विजयी पारी खेली थी और इसके बाद तीन मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मैच में 16 गेंदों पर 25 रन की आक्रामक पारी खेली थी।

### धीमी गेंदबाजों के लिए वेस्टइंडीज पर जुर्माना

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज टीम पर जुर्माना लगाया है। आईसीसी ने यह जुर्माना एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ हुए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति से गेंदबाजी के लिए लगाया है। इससे इंडीज टीम के दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक भी कट गए हैं। इसके अलावा सभी खिला?ियों पर मैच फीस का 40 फीसदी जुर्माना भी लगा है। मैच रेफरी रिची रिचडर्सन ने यह सजा इंडीज टीम को सुनाई क्योंकि मैच समाप्त होने के समय तक टीम ने तय समय से दो ओवर कम फेंके थे। इस कटौती के बाद वेस्टइंडीज़ के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिक में इंग्लैंड के बराबर 14 अंक हो गये हैं पर बेहतर जीत प्रतिशत के कारण वह अंक तालिका में इंग्लैंड से अभी भी ऊपर हैं।

### बुमराह के साथ गेंदबाजी को लेकर उत्साहित हैं मिल्स

**मुंबई ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज टाइमल मिल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी को लेकर उत्साहित हैं। मिल्स को मुंबई इंडियंस ने 1.5 करोड़ रूपए की मोटी रकम देकर खरीदा है। मिल्स ने अब तक इंग्लैंड की ओर से 12 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 11 विकेट लिए हैं। मिल्स ने कहा कि टी20 विश्व कप के दौरान मुझे बुमराह के साथ समय बिताने का अवसर मिला था। इसलिए मैं उनके साथ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं सभी नए साथियों से मिलने को लेकर उत्साहित हूं। मुंबई इंडियंस एक बेहतरीन फेंचाइजी है।

### रुतुराज और चाहर की फिटनेस पर अभी जानकारी नहीं : विश्वनाथन

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें अभी तक रुतुराज गायकवाड़ और दीपक चाहर की फिटनेस को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। विश्वनाथन के अनुसार ऐसे में वह इन दोनो के टीम से जुड़ने के बारे में नहीं बता सकते। इन दोनों को ही पिछले माह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के दौरान चोट लगी थी। रुतुराज के हाथ जबकि चाहर की पैर की मांसपेशियों में चोट है जिसके कारण उन्हें कम से कम छह से आठ सप्ताह तक खेल से दूर रहना होगा।

## विमेंस वर्ल्डकप : एलिस पेरी बनी प्लेयर ऑफ द मैच

# आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंजीड को 7 विकेट से हराया

**व।डलंगटन।** आइसीसी महिला वर्ल्ड कप के 11वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हरा दिया है। कंगारू टीम के सामने 132 रन का टारगेट था, जिसे टीम ने बहुत आसानी से 118 गेंद पर 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जीत में नाबाद 83 रन बनाने वाली ओपनर रैचल हैंस टॉप स्करोर रही। मौजूदा टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की ये लगातार चौथी जीत है। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 131 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। कप्तान स्टेफनी टेलर (50) को छोड़ कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल पाई। वेस्टइंडीज की ओर से 3 खिलाड़ी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गईं। विंडीज की पारी को समेटने का काम एलिस पेरी और एश्ले



गार्डनर ने किया। दोनों ने 3-3 विकेट चटकाए। मैच में 22 रन देकर 3 विकेट लेने वाली एलिस पेरी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी पेरी प्लेयर ऑफ द मैच रही थी। कीवी टीम के खिलाफ पेरी ने 86 गेंदों पर 68 रन बनाने के अलावा 1 विकेट भी लिया था। टूर्नामेंट में पेरी अभी तक 4 पारियों में 59 की औसत से 118 रन बना चुकी है और उन्होंने 5 विकेट भी लिए हैं।

### वेस्टइंडीज की लगातार दूसरी हार

वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को हराकर की थी, लेकिन इसके बाद टीम को लगातार 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।.र से पहले पिछले मुकाबले में विंडीज को भारत ने 155 रन से हराया था। 4 मैचों में 2 जीत और 2 हार के बाद वेस्टइंडीज पॉइंट्स टेबल में 4 अंकों के साथ 5वें पायदान पर आ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम 8 अंकों टॉप पर बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला 19 मार्च को टीम इंडिया से

## आईपीएल से वापसी को तैयार हैं पंड्या



**अहमदाबाद ।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या लंबे समय के बाद एक बार फिर आईपीएल से खेल में वापसी करेंगे। पंड्या का कहना है कि अब वह फिट हो गये हैं और आईपीएल की नई टीम गुजरात लायंस की कप्तानी के लिए तैयार हैं। इस क्रिकेटर ने (आईपीएल) में गेंदबाजी को लेकर अभी कोई जवाब न देते हुए कहा है कि यह एक सरप्राइज होगा। पंड्या पीठ की सर्जरी के बाद से ही गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। इसी कारण वह टीम इंडिया से भी बाहर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला मुकाबला आठ नवंबर को दुबई में टी20 विश्व कप के दौरान नामीबिया के खिलाफ खेला था उसे बाद से ही वह राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। । यह पूछने पर कि क्या वह दोबारा गेंदबाजी करेंगे, हार्दिक ने कहा कि यह सरप्राइज होगा। पंड्या को गुजरात टाइटंस ने नीलामी पूर्व ड्राफ्ट में 15 करोड़ रुपये में खरीदा और उन्हें अपनी टीम का कप्तान बनाया। पंड्या ने कहा कि कप्तानी मानव प्रबंधन से जुड़ी है। सफलता उनकी होगी, विफलता मेरी। हमारी भूमिका यह तय करने की होगी कि खिलाड़ियों को जो भी जिम्मेदारी मिले उसमें वे सहज रहें

## आईपीएल के 15 वें सत्र में नजर आयेंगे ये बदलाव

**मुम्बई ।** 26 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके तहत अगर कोरोना संक्रमण के कारण किसी टीम के पास अंतिम ग्यारह नहीं होती है तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उस मैच को दोबारा आयोजित करेगा। वहीं अगर मैच का दोबारा आयोजन संभव नहीं होता है तो इस मामले को तकनीकी समिति के पास भेजा जाएगा। बीसीसीआई ने कहा, 'बोर्ड अपने विवेक के आधार पर बाद में मैच को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास करेगा पर अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो इस मुद्दे को आईपीएल तकनीकी समिति के पास भेजा जाएगा। आईपीएल तकनीकी समिति का निर्णय अंतिम, जिसे सभी को मानना होगा। यह पिछले नियम की तरह ही है, इसमें केवल एक बदलाव किया गया है। पिछले नियम में कहा गया था कि बोर्ड बाद में मैच को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास करेगा। अगर यह संभव नहीं है तो प्रभावित फ्रेंचाइजी को हारा हुआ माना जाएगा और उसके प्रतिद्वंद्वी को दो अंक दे दिए जाएंगे। वहीं एक अन्य बदलाव डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम) को लेकर हैं। बोर्ड के अनुसार बीसीसीआई के मुताबिक प्रत्येक पारी में डीआरएस की संख्या एक से बढ़ाकर दो कर दी गई है। बीसीसीआई ने मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के सुझाव के बाद यह निर्णय लिया है, जिसमें कहा गया था कि नए बल्लेबाज को स्ट्राइक पर आना होगा, भले ही बल्लेबाज कैच के दौरान क्रीज के बीच में क्यों न हो बशर्ते वह ओवर की अंतिम गेंद न हो।



रोम में सीरीज एक फुटबॉल में पेनाल्टी किक लगाते हुए लेजियो के सिरो इमोबाइल।

## एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में भारतीय महिला मुक्केबाजों को पांच स्वर्ण

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जोर्डन में जारी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत की तमन्ना ने 50 किलो, निवेदिता कारकी ने 48 किलो वर्ग जबकि शाहीन ने 60 किलो, रवीना ने 63 किलो और मुस्कान ने 75 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।निवेदिता ने उजबेकिस्तान की एस रखमोनोवा को 3-2 से हराया। वहीं तमन्ना ने उजबेकिस्तान की रोबियाखोन बखतियोरोवा को पराजित किया। शाहीन ने मुखलिसा तोखिरोवा को और रवीना ने उजबेकिस्तान की सितोरा बाहोदिरोवा को शिकस्त दी। मुस्कान ने कजाखस्तान की ऐदासारिबारोव को पराजित किया। इसके अलावा भारत की ही रेणु (52 किलो), तनीषा लाम्बा (54 किलो), प्राची (57 किलो), प्रांजल यादव (70 किलो) और स्नेहा (81 किलो) वर्ग से सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। इस प्रकार इनका भी कांस्य पदक पक्का हो गया है।

## ऋषभ को अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलने की आजादी दी : रोहित





**बेंगलुरू ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि युवा बल्लेबाज ऋषभ पंत जैसे भी खेलना चाहें उसके लिए वह आजाद हैं। रोहित के अनुसार यह सही है कि ऋषभ अपनी अति आक्रमकता के कारण कभी-कभी सस्ते में अपना विकेट गंवा देते हैं पर इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है कि उनकी क्षमताएं जबरदस्त हैं और वह किसी भी पल मैच का रुख बदल देते हैं। इसलिए हमने उन्हें हालात और पिच के अनुरूप अपने स्वाभाविक अंदाज में बल्लेबाजी के लिए कहा है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में ऋषभ मैन ऑफ द सीरीज रहे।

रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद कहा, हमें पता है कि वह कैसे बल्लेबाजी करता है और एक टीम के रूप में हम उसे स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी देना चाहते हैं हालांकि हमने उससे कहा है कि मैच की स्थिति और पिच को भी ध्यान में रखे। साथ ही कहा कि वह समय के साथ ही बेहतर होता जा रहा है। कई बार ऐसा भी होता है कि आप सिर पीटने लगते हैं कि उसने ऐसा शॉट क्यो खेला पर यह भी सही है कि हमें उसे उसी रूप में स्वीकार करना होगा, जैसे वह खेलता है। उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो कुछ समय के अंदर ही मैच का रुख बदल सकता है। उसकी विकेटकीपिंग भी बेहतरीन है और हर मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार आ रहा है। डीआरएस के उसके फैसले भी स्टीक हो रहे हैं। टेस्ट कप्तानी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी हैं जो खेल को बखूबी समझते हैं और अपनी राय देते हैं। मेरी अपनी समझ है। कप्तानी के मामले में मेरा मानना यही है कि उस समय जो सही लगे, वही फैसला लो। मैं मैदान पर ही हालात का आंकलन कर फैसले लेता हूं। रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन की भी तारीफ की।

## व्यापार न्यूज

### टोयोटा किर्लोस्कर ने नई ग्लांजा बाजार में पेश की

**नई दिल्ली ।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने प्रीमियम हैचबैक गाड़ी ग्लांजा का नया संस्करण भारतीय बाजार में पेश ?किया है, जिसकी शुरुआती कीमत 6.39 लाख रुपए रखी गई है। इस मॉडल में 1197 सीसी का पेट्रोल इंजन है और यह मैनुअल तथा ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प दोनों में उपलब्ध है। ग्लांजा के पांच स्पीड वाले मैनुअल संस्करण की कीमत 6.39 लाख रुपए से 9.19 लाख रुपए के बीच है जबकि ऑटोमैटिक संस्करण की कीमत 7.79 लाख रुपए से 9.69 लाख रुपए के बीच है। इसकी अन्य खासियतों में छह एयरबैग, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, हिल होल्ड कंट्रोल, हेड-अप डिस्प्ले, 360 डिग्री कैमरा और नौ इंच का स्मार्ट प्ले कास्ट शामिल है। टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष तदाशी असाजुमा ने कहा कि यह विशेषतौर पर उन लोगों के लिए है जो स्टाइल और आधुनिक तकनीक वाली सुरक्षित तथा आरामदायक कार चाहते हैं। टोयोटा ग्लांजा 2019 में बाजार में आई थी। अब तक कंपनी ने घरेलू बाजार में 66,000 से अधिक ग्लांजा कारें बेची हैं।

### मारुति सुजुकी के 10 लाख सीएनजी वाहन बिके

**नई दिल्ली ।** कार बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसके सीएनजी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री का आंकड़ा 10 लाख इकाई को पार कर गया है। अभी कंपनी के पास निजी और वाणिज्यिक श्रेणी के नौ एस-सीएनजी वाहन हैं जिनमें आल्टो, एस-प्रेसो, वैगनआर, सेलेरियो, डिजायर, अर्टिगा, इको, सुपर कैरी और टूर-एस शामिल हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी केनिचि अयूकावा ने एक बयान में कहा ?कि हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को सुरक्षित, भरोसेमंद, स्वच्छ, आधुनिक तकनीक वाले और पर्यावरण अनुकूल वाहनों की पेशकश करना है। हमारी एस-सीएनजी रेंज को भारत में वाहन चालन की परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन, विकसित और विनिर्मित किया गया है।

### आठ सहकारी बैंकों पर 12.75 लाख का जुर्माना

**नईदिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय अनुपालन में कमियों के लिए आठ सहकारी बैंकों पर 12.75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने खुलासा मानकों एवं वैधानिक, अन्य प्रतिबंध यूसीबी के तहत निर्देशों का पालन न करने के लिए नबापल्ली सहकारी बैंक लिमिटेड (पश्चिम बंगाल) पर चार लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। बघाट शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड (हिमाचल प्रदेश) पर तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने मणिपुर महिला सहकारी बैंक लिमिटेड (मणिपुर), यूनाइटेड इंडिया सहकारी बैंक लिमिटेड (उप्र), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (नरसिंहपुर), अमरावती मर्चेंट सहकारी बैंक लिमिटेड (अमरावती), फैज मर्केंटाइल सहकारी बैंक लिमिटेड (नासिक) और नवनिर्माण सहकारी बैंक लिमिटेड (अहमदाबाद) पर भी जुर्माना लगाया गया है।






## पुतिन के प्रस्ताव पर विचार कर रही सरकार

# रूस से सस्ता तेल खरीदने की तैयारी

**मुंबई ।** यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस चारों तरफ से घिर चुका है। कई देश उसके खिलाफ सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगा चुके हैं। अमेरिका ने तो रूस के तेल एवं गैस को भी प्रतिबंधित कर दिया है, जबकि कई यूरोपीय देश ऐसा करने की तैयारी में हैं। बदले हालात में रूस अपने तेल और गैस समेत अन्य कमॉडिटीज के लिए नए बाजार तलाश रहा है। इसका सीधा फायदा भारत को मिलता दिख रहा है। रूस से मिले भारी डिस्काउंट ऑफर के बाद अब भारत उससे सस्ते में क्रूड ऑयल व अन्य कमॉडिटीज खरीदने की तैयारी में है। एक रिपोर्ट में दो भारतीय अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि रूस के डिस्काउंट ऑफर पर विचार किया जा रहा है। रूस से क्रूड ऑयल और कुछ अन्य कमॉडिटीज को डिस्काउंट पर खरीदने का ऑफर मिला है। इसका भुगतान भी रुपया-रूबल ट्रांजेक्शन होगा। एक अधिकारी ने कहा कि रूस तेल और अन्य कमॉडिटीज पर भारी ऑफर दे रहा है। हमें उन्हें खरीदने में खुशी होगी। अभी हमारे साथ टैंकर, इंश्योरेंस कवर और ऑयल ब्लेंड को लेकर कुछ इश्यूज हैं। इन्हें सोल्व करते ही हम डिस्काउंट ऑफर एक्सेप्ट करने लगेंगे। रूस के ऊपर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कई सारे इंटरनेशनल ट्रेडर रूस से तेल या गैस खरीदने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ये प्रतिबंध भारत को रूस से ईंधन खरीदने से नहीं रोकते हैं। अधिकारी का कहना है कि रुपया-रूबल में व्यापार करने की व्यवस्था तैयार करने पर काम चल रहा है। इस व्यवस्था का इस्तेमाल तेल और अन्य चीजों को खरीदने में किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि रूस कितना डिस्काउंट दे रहा है या डिस्काउंट पर कितना तेल ऑफर किया गया है।



### पाकिस्तान में डीजल की किल्लत, पांच दिन का स्टॉक बचा!

इस्लामाबाद (ईएमएस)। यूक्रेन और रूस संघर्ष के बीच पाकिस्तान में डीजल की किल्लत हो गई है। ऐसी खबर आ रही है कि उसके पास महज पांच दिन के डीजल का स्टॉक बचा है। इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कुछ ज्यादा ही चल रही है। इससे सभी को परेशानी हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़ने से पाकिस्तान पेट्रोलियम उत्पादों की कमी से जूझ रहा है। इस समय उसके पास डीजल का केवल पांच दिनों का भंडार बचा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी बैंकों ने भी वहां की तेल कंपनियों को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों में रखा है। बैंकों ने इन कंपनियों को और ऋण देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान सरकार ने बीते 16 फरवरी को पेट्रोलियम उत्पादों के दाम 10 से 12 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए थे। पाकिस्तान सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार पेट्रोल की कीमतों में 12.03 रुपए प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल की कीमतों में 9.53 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इसके अलावा लाइट डीजल ऑयल की कीमत में 9.43 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी और मिट्टी के तेल के दाम भी 10.08 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए थे। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में नई बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 147.82 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 159.86 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया था। हाई स्पीड डीजल की कीमत भी 144.622 रुपए से बढ़ कर 154.15 रुपए प्रति लीटर हो गई थी। इसके अलावा लाइट डीजल ऑयल के दाम 114.54 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 123.97 रुपए, मिट्टी के तेल की कीमत 116.48 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 126.56 रुपए प्रति लीटर हो गई थी। पेट्रोलियम पदार्थ की कीमतें आसमान में पहुंचने के बाद पाकिस्तान सरकार की भारी आलोचना होने लगी थी। इसके बाद एक मार्च 2022 के पेट्रोल के दाम में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती हुई थी। इसी के साथ बिजली की दरों में भी पांच रुपए प्रति यूनिट कटौती की घोषणा हुई थी। उस समय पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि अगले बजट यानी जून के आखिर तक पेट्रोलियम और बिजली की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी।

### आधार लिंक की आखिरी तारीख 31 मार्च, नहीं तो देना होगा 1000 जुर्माना

**मुंबई ।** सरकार ने आपके पैन और आधार को लिंक कराने की आ?खिरी तारीख 31 मार्च घोषित की है। यदि आप ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो आपको लेट फाइन के रूप में 1000 रुपए का भुगतान करना होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आपके पैन और आधार को लिंक करके, सरकार आपके वित्तीय लेनदेन का आसानी से पता लगा सकेगी, धोखाधड़ी और टैक्स से बचाव को रोक सकेगी। आपके पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की समय सीमा सरकार द्वारा कई बार बढ़ाई जा चुकी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्डधारकों को आखिरी तारीख से पहले 31 मार्च तक अपने आधार कार्ड नंबर को लिंक करना होगा। मौजूदा कानूनों के तहत, अपने पैन को अपने आधार नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा, आयकर रिटर्न दाखिल करते समय अपने आधार नंबर को उद्धृत करना अनिवार्य है और सरकार से पेंशन, छात्रवृत्ति, एलपीजी सब्सिडी, आदि जैसे मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए भी यह जरूरी है।

## फ्यूचर स्टोर्स का रिलायंस को स्थानांतरण धोखाधड़ी है: अमेजन

**नई दिल्ली ।** देश के प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह द्वारा कुछ दिन पहले फ्यूचर समूह के कुछ स्टोर्स पर कब्जा करने के बाद अमेजन डॉट कॉम इंक ने दोनों कंपनियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया और कहा कि इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि रिलायंस समूह ने फ्यूचर समूह के जिन स्टोर्स पर कब्जा लिया है उनके पट्टे किराए का भुगतान नहीं करने के कारण समाप्त हो गए थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स ने फ्यूचर ग्रुप के रिटेल और लॉजिस्टिक्स कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए अगस्त, 2020 में 24,713 करोड़ रुपए के सौदे की सहमति दी थी, लेकिन फ्यूचर समूह के साझेदार अमेजन ने कुछ अनुबंधों के उल्लंघन का हवाला देकर अदालत का दरवाजा खटखटाया जिसके कारण यह सौदा पूरा नहीं हो पाया है। रिलायंस रिटेल ने फ्यूचर रिटेल को दिए उन 947



स्टोर्स की सब-लीज (उप-पट्टे) समाप्त कर दी थी जिन्हें उसने पहले अपने अधिकार में लिया था। पिछले महीने रिलायंस रिटेल ने ऐसे स्टोर्स का कब्जा ले लिया था जिनका किराया फ्यूचर समूह नहीं चुका पा रहा था। ये स्टोर फ्यूचर समूह को परिचालन के लिए किराए पर दिए गए थे।

अमेजन ने अखबारों में सार्वजनिक नोटिस के नाम से एक विज्ञापन दिया है जिसमें कहा गया है कि इन गतिविधियों को भारत में धोखाधड़ी करके एक गुप्त तरीके से अंजाम दिया गया है। उसने फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और उसके प्रवर्तकों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह गलतबयानी करने का आरोप लगाया कि खुदरा संपत्ति फ्यूचर रिटेल (एफआरएल) के पास ही रहेगी जब तक कि रिलायंस सौदे को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है।

### रिलायंस न्यू एनर्जी करेगी लिथियम वेर्क्स का अधिग्रहण

नई दिल्ली (ईएमएस)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कोबाल्ट-मुक्त लिथियम बैटरी बनाने वाली कंपनी लिथियम वेर्क्स की परिसंपत्तियों का 6.1 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण करने की घोषणा की। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसकी अनुषंगी इकाई रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने लिथियम वेर्क्स बी वी की सभी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए पक्के करार पर हस्ताक्षर किए। इस लेनदेन का कुल मूल्य 6.1 करोड़ डॉलर है जिसमें भावी वृद्धि के लिए वित्तपोषण भी शामिल है। गैर-परंपरागत ऊर्जा क्षेत्र में कदम बढ़ा रही रिलायंस के लिए लिथियम वेर्क्स का अधिग्रहण अहम है। इस सौदे में लिथियम वेर्क्स की चीन में स्थित विनिर्माण इकाई के अलावा उसके सभी उत्पाद और मौजूदा कर्मचारी भी शामिल हैं। वर्ष 2017 में कामकाज शुरू करने वाली लिथियम वेर्क्स कोबाल्ट-मुक्त लिथियम बैटरी से जुड़ी प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण कंपनी है। इसका परिचालन अमेरिका, यूरोप एवं चीन में होता रहा है जबकि ग्राहक दुनियाभर में फैले हैं। लिथियम वेर्क्स की बनाई बैटरियां का इस्तेमाल औद्योगिक, चिकित्सा, समुद्री परिवहन, ऊर्जा भंडारण एवं वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्रों में होता है।

# सोनू सूद को दे देना चाहिए वैक्सीन लगाने जिम्मा: कुब्रा सैत



पिछले साल कोरोना वायरस की वजह से जब लॉकडाउन का ऐलान किया गया था तो अभिनेता सोनू सूद ने लोगों की अलग अलग तरह से मदद की थी। वहीं लॉकडाउन में फंसे लोगों को उनके घर और गांव तक पहुंचाया था। इसके अलावा आज भी अभिनेता सोनू सूद लगातार लोगों की मदद करते हुए नजर आ रहे हैं। देश में एक बार फिर से कोरोना वायरस काफी तेजी से फैल रहा है। कई राज्यों में नाइट कर्फ्यू और लॉकडाउन का ऐलान कर दिया गया। अब ऐसे में भारत में रोजाना कई हजार के सामने आ रहे हैं। देश में कोरोना वायरस की वैक्सीन भी लगाई जा रही है। वैक्सीनेशन की प्रक्रिया देख में पिछले काफी समय से चल रही है। वैक्सीनेशन को लेकर हाल ही में बॉलीवुड की एक अभिनेत्री ने एक बड़ी बात कही है। वो अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री कुब्रा सैत है। जिनका कहना है कि वैक्सीन लगाने की जिम्मेदारी अभिनेता सोनू सूद को दे देनी चाहिए। इस बात को खुद अभिनेत्री कुब्रा सैत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है। जिसमें कुब्रा सैत ने एक ट्वीट करते हुए कहा कि, देश को वैक्सीन लगाने का काम सोनू सूद पर छोड़ देना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हाल ही में अभिनेता सोनू सूद है अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि, वो अपील करते हैं कि 25 साल और उससे ऊपर वालों को भी वैक्सीन लगाई जाए। जिस तरह से मामले बढ़ रहे हैं और यहां तक बच्चे भी कोरोना वायरस की चपेट में आ रहे है। ऐसे में समय आ गया है कि अब हम 25 साल से ऊपर वालों के लिए भी व्यक्ति लगाने की घोषणा कर दें। अभिनेता के अनुसार नौजवानों में ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।

## डिकंस्ट्रक्टेड ब्लेजर को-ऑर्ड सेट में नजर आई अदिति

अदिति राव हैदरी अपनी आगामी फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं अजीब दास्ताँ और हम उसके सभी पहनावे से नोट्स ले रहे हैं। अभिनेता हाल ही में वसंत-गर्मियों की शैली का लुत्फ उठा रहे हैं और कुछ ऐसे दिखते हैं जो ठाठ, सेक्सी और सैसी हैं। अपने नवीनतम



पहनावे के साथ, वह तमन्नाह भाटिया और सुपर मॉडल केंडल जेनर की तरह गुलाबी वसंत के परिधानों में भी बंध गईं। इवेंट के लिए अदिति ने गुलाबी रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस पहनी थी। भव्य रफ़ल्ड टुकड़ा ब्रांड रोज़ रूम द्वारा किया गया था और इसमें धड़ में एक छायांकित और पेपरम स्कर्ट दिखाया गया था जो सिरों पर फीता के साथ एक सरासर उखड़ी हुई परत के साथ था। पोशाक में फीता की परतें भी थीं, जो सेक्सी पोशाक में स्त्री स्पर्श को जोड़ती थी। टुकड़ा से जुड़ी ट्रेन के लिए मरना था। उसने गुलाबी फूलों की प्रिंट वाली हील्स की एक जोड़ी के साथ लुक को स्टाइल किया और ड्रेस को कम से कम एक्सेसरीज़ के साथ चुनकर दिन का आकर्षण बनने दिया। अभिनेता को एक नाजुक चांदी के ज्यामितीय चोकोर पहने देखा गया, जो उसने कुछ अंगूठियों के साथ जोड़ा था। अदिति के ग्लैम में गुलाबी रंग के संकेत थे। उसने काजल से भरपूर लैशेस के साथ-साथ मिनिमल ब्लश और हल्के ग्लॉस वाले पिंक लिप्स के साथ एक सूक्ष्म आईशैडो का विकल्प चुना। अपने लंबे चमकदार मध्य-भाग वाले बालों को नीचे छोड़ कर स्टनर ने इसे बंद कर दिया। अदिति के स्टाइलिस्ट सनम रतनसी ने अपने इंस्टाग्राम पर दो दिलों को कैप्शन के रूप में साझा किया।

## फिलहाल डिजिटल ही आगे बढ़ते रहने का एकमात्र रास्ता है : अविनाश तिवारी

अभिनेता अविनाश तिवारी लॉकडाउन के समय से पहले ही थिएटर और ओटीटी रिलीज के बीच तालमेल बिठाते रहे हैं। जहां एक तरफ तू है मेरा सनडे और लैला मजनू जैसी उनकी फिल्में बड़े पर्दे पर रिलीज हुई हैं, वहीं दूसरी ओर बुलबुल और घोस्ट स्टोरीज जैसी उनकी परियोजनाएं ओटीटी पर रिलीज हुई हैं। वर्तमान समय में कोरोना के मामलों में काफी अधिकता देखने को मिल रही है, जिससे बॉक्स ऑफिस का बिजनेस भी काफी प्रभावित हो रहा है। इस पर उनका मानना है कि डिजिटल परियोजनाओं की अधिकता का होना इस वक्त के हिसाब से बेहद सामान्य है। लेखक हुसैन जैदी की लिखी किताब पर आधारित उनकी अगली परियोजना डोंगरी टू दुबई एक सीरीज के तौर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। अविनाश ने बताया, आज का समय इंडस्ट्री के लिए बेहद अनिश्चित है।

# जंगली पिक्चर्स की फिल्म डॉक्टर जी के लिए शेफाली शाह बनी डॉक्टर!




आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह अभिनीत अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉक्टर जी की घोषणा करने के बाद, जंगली पिक्र सं ने हाल ही में एक अन्य लोकप्रिय और बहुमुखी अभिनेता को टीम में शामिल कर लिया है। जबकि फिल्म में दोनों कलाकार डॉक्टरों की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं अब निमार्ताओं ने अभिनेत्री शेफाली शाह को भी उसी प्रोफेशन में शामिल कर लिया है। यह प्रफुल्लित अभिनेत्री इस कैंपस कॉमेडी ड्रामा में आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी, जिसे नवोदित निर्देशक अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित किया जाएगा। जबकि शेफाली शाह के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन यह पता चला है कि पावरहाउस कलाकार फिल्म में एक वरिष्ठ डॉक्टर - डॉ नंदिनी की भूमिका को निबंधित करेंगी। पहली बार, तीन कलाकार एक साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे, जिसने निश्चित रूप से दर्शकों के बीच उत्सुकता को अधिक बढ़ा दिया है। शेफाली शाह एक उम्दा अभिनेत्री हैं जो दिल धड़कने दो व दिल्ली क्राइम जैसे फिल्म और शो में शानदार काम कर चुकी हैं, साथ ही उनकी किटी में कई अन्य दिलचस्प प्रोजेक्ट शामिल है। फिल्म के नरेशन के कारण प्रत्याशा पहले से ही अपने चरम पर है और अब कलाकारों की टोली में शेफाली के शामिल हो जाने से उत्सुकता दो गुना बढ़ गयी है। इस तिकड़ी का संयोजन निश्चित रूप से देखने लायक होगा! निर्देशक, अनुभूति कश्यप ने साझा किया, ह्लमैं शेफाली को टीम में शामिल करने पर रोमांचित महसूस कर रहा हूं, वह अपनी सभी भूमिकाओं को इतनी सहजता और सूक्ष्मता के साथ निभाती हैं- मैं उनका प्रशंसक हूं! यह मेरी पहली फिल्म है, मैं वास्तव में प्रतिभा के ऐसे पॉवरहाउस के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। शेफाली शाह ने कहा, मैं डॉक्टर जी का हिस्सा बनने पर उत्साहित हूं। अनुभूति के साथ सुमित, सौरभ, विशाल सहित लेखकों ने एक शानदार स्क्रिप्ट लिखी है। मैं वास्तव में अनुभूति, आयुष्मान, जंगली पिक्र सं और अद्भुत टीम के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं! जंगली पिक्र सं की सीईओ अमृता पांडे ने शेयर किया, जब हमने डॉक्टर जी के लिए कास्टिंग शुरू की थी, तो इस भाग के लिए एकमात्र नाम शेफाली का आया। हमें विश्वास है कि वह इस भूमिका में दमदार एनर्जी लाएंगी। हम उनका सेट पर आने और इस फिल्म को अधिक खास बनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।



# कांग्रेस का मंथन

पांच राज्यों में करारी हार के बाद मंथन के लिए बुलाई गई बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक फिर पुराने अंदाज में खत्म हो गई। कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस्तीफे की पेशकश की। लगे हाथ प्रियंका गांधी ने भी जिम्मेदारी छोड़ने का ऐलान कर दिया। मगर पहले से तैयार स्क्रिप्ट के मुताबिक सदस्यों ने हार की वजह सभी को बताया और गांधी परिवार को इस्तीफा न देने पर मना लिया। सवाल यह है कि क्या इससे कांग्रेस वापस जीत की राह पर आ जाएगी या देश की जनता पार्टी को फिर से स्वीकार कर लेगी। कतई नहीं। अगर कांग्रेस यह समझ रही है कि वह प्रचार में कमजोर है या जनता के बीच बात नहीं रख पा रही है या फिर प्रत्याशी चयन जिम्मेदार है, तो यह उसकी भूल है। कांग्रेस आज जो भरोसा खो चुकी है, वह कार्यसमिति की बैठक से दूर होने वाली नहीं है। उसे हमेशा याद रखना होगा कि मुकाबला भाजपा से है, जिसके पास कैडर है, जन समर्थन है। इससे भी ज्यादा नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। हर बार हार की समीक्षा से काम नहीं चलेगा। नेतृत्व को नए सिरे से सोचना होगा। हार की कोई एक वजह नहीं होती। जिस पर मंथन कर लिया और जीतने की गारंटी मिल गई। कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम भाजपा और उसकी विचारधारा से लड़ेंगे, अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। यह कहते हुए खडगे भूल गए कि भाजपा की विचारधारा हिंदुत्व है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी तो पिछले कुछ चुनाव में हिंदुत्व को साधने का भरसक प्रयास कर चुके हैं। अगर खड़गे कह रहे हैं कि पार्टी भाजपा की विचारधारा से लड़ेगी तो क्या राहुल और प्रियंका हिंदुत्ववादी होने का दिखावा कर रहे हैं। कांग्रेस आज जो भी कहे, मगर सच तो यह है कि वह अपनी ही विचारधारा को लेकर असमंजस में है। असल में 2019 के लोकसभा चुनाव में बमुश्किल 52 सीटें और महज पांच राज्यों में (तीन राज्यों में कांग्रेस और दो में गठबंधन) सत्ता पा सकने वाली पार्टी बन चुकी कांग्रेस अब गांधी परिवार का स्वामित्व और क्षेत्रीय नेताओं की राजनीति के बीच कहीं उलझ चुकी है। पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में क्षेत्रीय नेतृत्व में जबरदस्त कलह है। मध्य प्रदेश तो कांग्रेस के हाथ से गया ही अपनी पार्टी में टूट की वजह से। पंजाब में कांग्रेस आलाकमान की नई रणनीति ने सत्ता हाथ से गंवा दी। अब वहां भी संगठन में तलवारें खिंच गई हैं। हरियाणा में भले ही सरकार कांग्रेस की ना हो लेकिन खेमेबंदी कम नहीं है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ खुलकर खेमेबाजी हो रही है जिसकी धुरी में कुमारी शैलजा हैं। राजस्थान में सरकार बनने के पहले दिन से अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कद की लड़ाई रही है, जिसमें अभी तक गहलोत अपने तजुर्बे के दम पर 21 ही साबित हुए हैं, लेकिन पिछड़ों को नेतृत्व देने की राह पर चल पड़ा कांग्रेस आलाकमान आखिर कब तक गुर्जर समाज से आने वाले सचिन पायलट की नाराजगी को दरकिनार करता रहेगा या फिर यहां भी चुनाव से ठीक पहले सत्ता की तस्वीर को बदल दिया जाएगा जो कि पायलट गुट को बनाए रखने का एकमात्र तरीका है। गांधी परिवार का स्वामित्व और क्षेत्रीय नेताओं की राजनीति के बीच की खाई को पाट पाना अब संभव नहीं है, क्योंकि इस फेहरिस्त में वह सब नाम शुमार हैं जिन्होंने गांधी परिवार से आने वाले अपने नेताओं के लिए लाठियां भी खाई हैं और जिंदगी के कई दिन जेलों में भी बिताए हैं, तब गांधी परिवार सत्ता की धुरी था आज एक अदद विपक्ष बनने को मोहताज है। पार्टी लगातार दो लोकसभा और अब पांच राज्यों के चुनाव हारने के बाद संकट से गुजर रही है और ऐसे में नए नेतृत्व पर विचार होना ही चाहिए।

# श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**

श्रीराम का सूक्ष्म सीतान्वेषण, उनकी पीड़ा, लक्ष्मण द्वारा समझाईश तथा जटायु का उत्सर्गनास्ति गंगासमं तीर्थं नास्ति मातृसमो गुरु॰।नास्ति विष्णुसमोदेवो नास्ति रामायणात् परम्।।नास्ति वेदसमं शास्त्रं नास्ति शांतिसमं सुखम्।नास्ति शांतिपरं ज्योतिर्नास्ति रामायणात् परम्।।वाल्मीकि रामायण माहात्म्य अध्याय 5-21-22गंगा के समान तीर्थ माता के समान गुरु भगवान् विष्णु के सदृश देवता तथा रामायण से बढ़कर कोई उत्तम वस्तु (ग्रंथ) नहीं है। वेद के समान शास्त्र, शान्ति के समान सुख शान्ति से बढ़कर ज्योति तथा रामायण से उत्कृष्ट कोई काव्य नहीं है।नास्ति क्षमासमं सारं नास्ति कीर्तिसमं धनम्।नास्ति ज्ञानसमो लाभे नास्ति रामायणयात् परम्।।वाल्मीकि रामायण माहात्म्य अध्याय 5-23क्षमा के सदृश बल कीर्ति के समान धन ज्ञान के सदृश लाभ तथा रामायण से बढ़कर कोई उत्तम (श्रेष्ठ) ग्रन्थ नहीं है।रामायण हमारा एक श्रेष्ठतम धार्मिक आस्था-भक्ति का पवित्र ग्रन्थ है। रामायण हमारे सामाजिक जीवन की आचार संहिता है। वाल्मीकि रामायण में अनेक मार्मिक प्रसंग हैं, जिन्हें पढ़कर-सुनकर बरबस हमारी आँखें आँसूओं से भर जाती है, हृदय पिघल जाता है। इन प्रसंगों में रावण द्वारा सीताजी का अपहरण प्रसंग, श्रीराम द्वारा सीता अन्वेषण एवं जटायु के प्राणों के उत्सर्ग का वर्णन शायद ही अन्य श्रीरामकथाओं में सविस्तार नहीं है। सीता हरण के पश्चात् श्रीराम की पीड़ा एवं छोटे भाई लक्ष्मण द्वारा उन्हें समझाने का प्रसंग अद्वितीय है।

लक्ष्मण को दीन, सन्तोष शून्य तथा सीता को साथ लिए बिना अकेला देखकर श्रीराम ने पूछा- लक्ष्मण जो दण्डकारण्य की ओर चलकर अयोध्या से मेरे पीछे-पीछे चली आई तथा जिसे तुम अकेली छोड़कर मेरे पास यहाँ चले आए, वह विदेहनन्दिनी राजकुमारी सीता इस समय कहाँ है? लक्ष्मण! यदि आश्रम में जाने पर सीता हँसते हुए मुख से सामने आकर मुझसे बात नहीं करेगी तो मैं जीवित नहीं रहूँगा। लक्ष्मण बोलो तो सही कि सीता जीवित है या नहीं? तुम्हारे असावधान होने के कारण राक्षस उस तपस्विनी को खा तो नहीं गए?इस कुटिल एवं दुरात्मा राक्षस (स्वर्ण मृग) ने उच्च स्वर से %हा लक्ष्मण' ऐसा मेरे स्वर में पुकार कर तुम्हारे मन में भी सर्वथा भय उत्पन्न कर दिया। ऐसा जान पड़ता है कि वैदेही ने भी मेरे स्वर से मिलता-जुलता उस राक्षस का स्वर सुन लिया और भयभीत होकर तुम्हें भेज दिया तथा तुम भी शीघ्र ही मुझे देखने के लिए चले आए। मेरे हाथों माँसभक्षी खर के मारे जाने से राक्षस बहुत दुःखी थे। उन दुष्ट राक्षसों ने अवश्य ही सीता को मार डाला। इसमें कोई संशय नहीं है। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा-तमुवाच किमर्थं त्वमागतोऽयास्य मैथिलीम्।यदा सा तव विश्वासाद् वने विरहित मया।।वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 59-2जब मैंने तुम्हारे विश्वास पर ही वन में सीता को छोड़ा था, तब तुम उसे अकेली छोड़कर क्यों चले आए? तब लक्ष्मण ने अत्यन्त दुःखी होकर अपने शोकग्रस्त श्रीराम से कहा-न स्वयं कामकारेण तां त्यक्त्वाह मिहागत॰।प्रचोदितस्तयैवोग्रैस्त्वत्सकाशमिह ागत॰।।आर्येणेव परिक्रुष्टं लक्ष्मणेति सुविस्वरम्।परित्राहीति यद्वाक्यं मैथिल्यास्तच्छ्रुति गतम्।।वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 59-6-7भैया! मैं स्वयं अपनी इच्छा से उन्हें छोड़कर नहीं आया हूँ। उन्हीं के कठोर वचनों से प्रेरित होकर मुझे आपके पास आना पड़ा। आपके ही समान स्वर में किसी ने जोर से पुकारा %लक्ष्मण! मुझे बचाओ।' यह वाक्य मिथिलेशकुमारी के कानों में पड़ा। यह सुनकर मैथिली ने रोती हुई मुझसे तुरन्त बोली- जाओ-जाओ। तब मैंने कहा हे सीते! जो देवताओं की रक्षा करते हैं, वे मेरे भाई मुझे बचाओ। ऐसा निन्दित (कायरतापूर्ण) वचन कैसे कहेंगे? किसी दूसरे ने किसी बुरे उद्देश्य से मेरे भैया के स्वर की नकल करके %लक्ष्मण मुझे बचाओ' यह बात जोर से कही है। तदनन्तर सीता ने मुझसे यह कहा-

भावो मयि तवात्यर्थपाप एवं निवेशित॰।विनष्टे भ्रातरि प्राप्तुं न च त्व मामवाप्स्यसे।।वाल्मीकि रामायण अरण्यकाण्ड सर्ग 59/17 लक्ष्मण! तेरे मन में मेरे लिए अत्यन्त पापपूर्ण भाव भरा



है। तू अपने भाई के मरने पर मुझे प्राप्त करना चाहता है, परन्तु मुझे तू पा नहीं सकेगा। तू अपने भाई का छिपा हुआ शत्रु है। मेरे लिए ही श्रीराम का अनुसरण करता है और श्रीराम के छिद्र (दोष) ढूँढ रहा है तभी तो इस संकट के समय उनके पास जाने का नाम नहीं ले रहा है। बस फिर क्या था? विदेहकुमारी के ऐसा कहने पर मुझे ही क्रोध आ गया। इस अवस्था में मैं उन्हें अकेली आश्रम में छोड़ आपको ढूँढने निकल पड़ा। लक्ष्मण की ऐसी बात सुनकर श्रीराम दुःखी मन से बोले सौम्य! तुमने बड़ा बुरा किया जो तुम सीता को छोड़कर यहाँ चले आए। धनुष खींचकर उस बाण का संधान करके मैंने लीलापूर्वक चलाए हुए बाणों से ज्यों ही उस मृग को मारा त्यों ही वह मृग के शरीर का परित्याग करके बाहों में बाजूबन्द धारण करने वाला राक्षस बन गया। बाण से आहत होने पर ही उसने आर्तवाणी में मेरे स्वर की नकल करके बहुत दूर तक सुनाई देने वाला वह अत्यन्त दारूण कहा था जिसे तुम सीता को छोड़कर चले आए हो। कुटिया में लौटने पर श्रीराम ने कुटिया सूनी देखी तथा उनका मन अत्यन्त ही उद्विग्न हो उठा। श्रीराम ने एक-एक पर्णशाला को चारों ओर से देख डाला, किन्तु उस समय उसे सीता से सूनी पाया। फूल मुरझा गए थे, मृग और पक्षी मन मार कर बैठे थे। वन के देवता भी उस स्थान को छोड़कर चले गए थे। श्रीराम ने प्रयत्नपूर्वक अपनी प्रिय पत्नी सीता को वन में चारों तरफ ढूँढा किन्तु कहीं भी उनका पता न लगा। शोक के कारण श्रीराम की आँखें लाल हो गई। श्रीराम विलाप करते-करते वृक्षों से पूछने लगे, कदम्ब, बिल्व, अर्जुन, कुंकुम, अशोक, ताल, जामुन, कनेर, आम, कदम्ब, विशालशक्ति, कटहल, कुरव, धव और अनार आदि के वृक्षों को देखकर उनके पास गए फिर वकुल, पुन्नाग, चन्दन तथा केवड़े आदि के वृक्षों से सीता के बारे में पूछने लगे। तदनन्तर अपने सामने हरिण को देखकर उससे सीता के बारे में पूछा। आगे जाने पर हाथी, व्याघ्र आदि से सीता का पता पूछा। सीता को न देखकर शोक से अत्यन्त ही व्याकुल हुए। श्रीराम विलाप करने लगे। निश्चय ही पूर्व जन्म में मैंने अपनी इच्छा के अनुसार बारंबार बहुत से पापकर्म किए हैं। उन्हीं में से कुछ कर्मों का फल आज मुझे मिल रहा है, जिसके कारण मैं एक दुःख से दूसरे दुःख में पड़ता जा रहा हूँ। लक्ष्मण ने श्रीराम से कहा- आर्य! आप शोक त्यागकर धैर्य धारण करें। सीता की खोज के लिए मन में उत्साह रखें क्योंकि उत्साही मनुष्य जगत् में अत्यन्त दुष्कर कार्य आ पड़ने पर भी कभी दुःखी नहीं होते हैं। श्रीराम ने गोदावरी नदी से सीताजी का पता पूछा तब दुरात्मा रावण के उस रूप और कर्म को याद कर करके भय के मारे उसने ही वैदेही के विषय में श्रीराम से कुछ भी नहीं कहा। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा- मन्दाकिनी नदी, जनस्थान तथा प्रस्रवण पर्वत इन सभी स्थानों पर मैं बारंबार भ्रमण करूँगा। शायद यहाँ सीता का पता चल जाए। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा- वीर लक्ष्मण! ये विशाल मृग मेरी ओर बारंबार देख रहे हैं, मानो यहाँ मुझसे वे कुछ कहना चाहते हैं। मैं इनकी चेष्टाओं को समझ रहा हूँ। श्रीराम ने उन मृगों की ओर देखकर पूछा कि- बताओ, सीता कहाँ है? उन मृगों की ओर देखते हुए श्रीराम ने अश्रुभरी वाणी से पूछा, तब वे मृग सहसा उठ खड़े हो गए और ऊपर की ओर देखकर आकाश मार्ग की ओर लक्ष्य कराते हुए सब के सब दक्षिण दिशा की ओर मुँह किए दौड़े।

## एक प्रवाह है जीवन

जीवा एक प्रवाह है। वह रुकता नहीं, बहता रहता है। जो बहता है, वही प्रवाह होता है। जिसमें ठहराव है, गतिहीनता है, वह प्रवाह नहीं हो सकता। प्रवाह स्वच्छता का प्रतीक है, जबकि ठहराव में गंदगी की संभावना बनी रहती है। प्रवाह में जीवनी शक्ति है, जबकि ठहराव में अस्तित्व का लोप संभव है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के प्रवाह को आगे बढ़ाना चाहेगा। सवाल एक ही है कि जीवन कैसा हो? भारतीय संस्कृति में उस जीवन को प्रशस्त जीवन माना गया है जो शांत हो, संतुष्ट हो, पवित्र हो और सानंद हो। शांति, संतुष्टि, पवित्रता और आनंद जीवन की महान उपलब्धियां हैं। इनका संबंध बाह्य पदार्थों से नहीं, व्यक्ति की अपनी वृत्तियों से है। पदार्थों का ढेर लग जाए तो भी वहां शांति का जन्म नहीं हो सकता। संतोष की प्राप्ति भी पदार्थ से नहीं हो सकती। संसार की संपूर्ण सुख-सुविधाएं कदमों में आकर बिछ जाएं, फिर भी तोष का अनुभव नहीं होता। तीसरा तत्व है पवित्रता। उसका पदार्थ के साथ कोई रिश्ता ही नहीं है। पदार्थ के साथ जितना गहरा अनुबंध होता है, पवित्रता पर उतना ही सघन आवरण आ जाता है। पवित्रता नहीं है तो आनंद कहां से आएगा? आनंद का निवास तो चित्त की पवित्रता में ही होता है। ऐसी स्थिति में सार्थक जीवन जीने की आकांक्षा अधिक दूभर हो जाती है। शांति का उत्स संयम है। जो लोग संयम से जीते हैं, विशिष्ट शांति का अनुभव करते हैं। स्वतंत्रता से संतोष की प्राप्ति होती है। सोने के पिंजरे में कैद पंछी को कितने ही मेवे-मिष्ठान मिल जाएं, वह कभी संतुष्ट नहीं हो सकता। परतंत्रता चाहे बाहर की हो, या भीतर की; वहां आत्मतोष नहीं मिल सकता। जीवन में पवित्रता तब तक नहीं उतर सकती, जब तक साधन-शुद्धि न हो। आनंद का अनुभव उस व्यक्ति को होता है जो स्वस्थ रहता है।

# यूपी में लौटा 'बुलडोजर बाबा' का राज

**प्रभुनाथ शुक्ल**

उत्तर प्रदेश ने जो राजनीतिक संदेश दिया है अपने आप उसके मायने बेहद अलग है। प्रतिपक्ष की लाख कोशिशों के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब रहीं। दोबारा सत्ता में वापसी कर भाजपा ने साफ संदेश दे दिया कि है कि उसके मुकाबले विपक्ष कहीं नहीं ठहरता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता बरकरार है। भाजपा जातिवाद की राजनीति को ध्वस्त कर पुनः सत्ता में वापसी की है। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक में यह बहुत बड़ी सफलता है। योगी आदिनाथ ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो 37 सालों में दोबारा शपथ ले रहे हैं और सत्ता में वापसी कराएं। कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के साथ सपा को यह संदेश देने में सफल हुई है कि प्रदेश में अब विकास विश्वास की राजनीति ही सफल होगी जातिवाद का कोई स्थान नहीं है।

राज्य में भाजपा की वापसी के पहले समाजवादी और बहुजन समाज पार्टी का सियासी दबदबा था। राममंदिर आंदोलन के बाद भाजपा सत्ता में जबरदस्त वापसी कि थी लेकिन मंडल की राजनीति ने उसे गायब कर दिया। राज्य में 90 के दशक के बाद कांग्रेस कि वापसी नहीं हो पाई। 40 साल तक उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने वाली कांग्रेस हर चुनाव में अपना जनाधार खोती चली गई। कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता के लबादे में इतना उलझी कि मंडल-कमंडल की राजनीति में उसका अस्तित्व ही खत्म हो गया। इसके बाद कांग्रेस सत्ता में फिर वापस नहीं हो पाई। उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले जातिवादी राजनीति चरम पर थी। राज्य में राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हुई। लेकिन इसके बाद यहां सपा-बसपा की जातिवादी राजनीति हावी रहीं।लेकिन 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा की वापसी के बाद जहां राज्य में कांग्रेस खत्म होती चली गई वहीं उत्तर प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त वापसी की। उत्तर प्रदेश में भाजपा को घेरने के लिए सपा -बसपा कांग्रेस ने कई प्रयोग दुहराए लेकिन उसका कोई खास प्रभाव



नहीं दिखा। क्योंकि विपक्ष चाह कर भी आंतरिक रुप से टूटा और बिखरा था जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने की वजह से विकास पर भी काफी गहरा प्रभाव पड़ा। जिस मुद्दों से कांग्रेस बचती थी भाजपा उसे फ्रंटफुट पर खेला। राम मंदिर, धारा 370, तीन तलाक, एनआरसी और हिंदुत्व जैसे मुद्दों को धार दिया। %सबका साथ सबका विकास% वाले मंत्र को अपनाकर भाजपा आगे बढ़ी और कामयाब हुई। उत्तर प्रदेश में भाजपा जितनी मजबूत हुई विपक्ष उतना कमजोर हुआ। वर्तमान समय में बदले सियासी हालात में विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा के मुकाबले विपक्ष कहीं दिख नहीं रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2022 के आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत ने 2024 का भी मार्ग प्रशस्त कर दिया है। क्योंकि विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद भी भाजपा को घेरने में वह कामयाब नहीं हो सका है।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी दलित विचारधारा की मुख्य पार्टी मानी जाती रही। मायावती चार-चार बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। लेकिन बहुजन समाज पार्टी इतनी जल्द कमजोर हो जाएगी इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। देश में आज जिस तरह कांग्रेस गुजर रहीं है वहीं हालत बहुजन समाज पार्टी की है। हालांकि आज भी दलित मत उसके साथ है, लेकिन अब उसकी संख्या भी कम हो चली है। सिर्फ दलितों के भरोसे वह चुनाव को नहीं जीत सकती है। 2007 सोशलइंजीनियरिंग के जरिए अगड़े और दलितों को लेकर उन्होंने सरकार बनायी थी। लेकिन इस बार के आम चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की जो दुर्गति हुई है वह चिंतनीय। चुनाव परिणाम को देखकर साफ होता है कि दलित विचारधारा की मुख्य पार्टी का अस्तित्व खत्म हो चला है। मायावती अभी तक कोई सियासी उत्तराधिकारी नहीं दे सकी हैं। साल 2017 में 19 सीटों पर जीत हासिल करने वाली बहुजन समाज पार्टी एक सीट पर सिमट गई। उसे करीब 12.9 फ़ीसदी मत मिले। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जमीनी मेहनत किया लेकिन उनके कार्यकर्ताओं ने जोश में होश खो दिया।

# स्वर्ण प्राशन

## सूडोकु नवताल- 6012

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

आयुर्वेद में सोलह संस्कारों का विधान है जिनमें से एक संस्कार है जात कर्म संस्कार जिसके अंतर्गत स्वर्ण प्राशन करवाया जाता है। बच्चे के जन्म के समय किया जाने वाला यह संस्कार आयुर्वेद के ग्रंथों अनुसार वैद्यो द्वारा मंत्रोच्चार के साथ स्वर्ण भस्म युक्त स्वर्ण प्राशन करवाया जाता था। प्राचीन शास्त्र अनुसार स्वर्ण प्राशन में गाय के घी मधु यानी कि शहद (तथा स्वर्ण भस्म के साथ मेधा वर्धक औषधियों का प्रयोग किया जाता था। इस संस्कार को समय के साथ भुला दिया गया जिससे इसका लाभ आधुनिक पीढ़ी को नहीं मिल पाया। 21वीं सदी में भी आयुर्वेद के कुछ वैद्य है जो इस संस्कार को जीवित रखते हुए । नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य बेहतर स्वास्थ्य देने के उद्देश्य से इस संस्कार को पुनः समाज में समाज कल्याण के लिए प्रयास कर रहे हैं।

**स्वर्णप्राशन के घटक:** स्वर्ण प्राशन में मुख्यतः असमान मात्रा में शहद तथा गाय के घी गिर गाय का तथा स्वर्ण भस्म को एक निश्चित अनुपात में मिलाकर 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को इसका सेवन पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेद वैद्य द्वारा करवाया जाता है।

**स्वर्णप्राशन का इतिहास:** आयुर्वेद के अनुसार सोलह संस्कारों में एक संस्कार जिसका नाम है जातकर्म संस्कार जिसमें नवजात को शहद घृत तथा स्वर्ण भस्म को एक निश्चित अनुपात में राजवैद्य द्वारा राजघरानों में राजकुमारों को करवाया जाता था। ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ सुंदर तथा तीव्र बुद्धि के साथ कुशल



नेतृत्व वाली बने। स्वर्ण प्राशन का महत्व आज के समय के टीकाकरण से उस समय में जोड़ा जाता है। उस समय के ऋषि मुनि तथा वैद्य ने एक स्वस्थ कुशल नेतृत्व वाले समाज की कल्पना की ।और स्वर्ण प्राशन के संस्कार को मनुष्य जीवन में जोड़ा। जो लगभग आज के समय में लुप्त हो गई है।उस प्राचीन आयुर्वेदिक विधा को कुछ आयुर्वेदिक वैद्य अपने प्रयासों से जीवित करते हुए समाज में कुछ नया देने की कोशिश कर रहे है।

**स्वर्णप्राशन का महत्व:** कई प्रयोगों में यह साबित हो चुका है कि आयुर्वेदिक औषधियां कई असाध्य रोगों को जड़ मूल से खत्म कर रही हैं। स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है, बौद्धिक विकास होता है ,शारीरिक विकास होता है!तथा साथ ही साथ पाचन शक्ति और बल को बढ़ाता है। स्वर्ण प्राशन का महत्व आज से हजारों साल पूर्व प्राचीन वेदों में बताया गया है कि यह बच्चों में ओजस्विता निरोगी तथा बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है। प्राचीन ऋषि-मुनियों के द्वारा इस विधा का कल्पित किया गया तथा नवजात शिशु तथा बच्चों में इसके प्रयोग से गौरवशाली भविष्य तथा एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण की कल्पना को ध्यान में रखते हुए। दिया गया जो कि 16 संस्कारों में से एक है। आज के समय में दौड़ भाग के समय में बच्चों में पोषण की कमी तथा केमिकल युक्त पदार्थों के सेवन तथा जीवन शैली के बदलाव के कारण बच्चों में भूलने की बीमारी आंखों की रोशनी कुपोषण तथा अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अज्ञानता अंधविश्वास तथा पोषण की कमी से कई सुदूर क्षेत्रों में बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिह्न लगा हुआ है। ऐसे समय में अगर सुवर्णप्राशन के माध्यम से बच्चों के बौद्धिक विकास मानसिक विकास तथा उनकी भविष्य के लिए स्वास्थ्य की रक्षा को देखते हुए। इस विधा को पुनर्जीवित करने में सहयोग की जरूरत है ।

**स्वर्ण प्राशन बनाने की विधि:** घटक द्रव्य का अनुपात शहद 2 किलो (ऑर्गेनिक इंडिया ) घी 1 किलो (गीर गाय का ) स्वर्ण भस्म 3 ग्राम को स्वच्छता को ध्यान में रखकर किसी पात्र में तब तक मिलाये जब तक एक सार ना हो जाए ।विशेष परिस्थितियों में ब्राह्मी घृत , कंटकारी घृत , अश्वगंधा घृत , शतावरी घृत का प्रयोग स्वर्ण प्राशन में किया जाता है । स्वर्ण प्राशन सेवन मात्रा ---0 -8 वर्ष तक 2 बुन्द, 9 से 16 वर्ष 4 बूंद

**स्वर्णप्राशन की फायदे:** बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमताकी वृद्धि होती है । जिससे सामान्य मौसम में होने वाले रोगों से लड़ने की ताकत बढती है।

# मुसलमानों को सबसे ज्यादा वजीफे

**वेदप्रताप वैदिक**

भारत हिंदू बहुल राष्ट्र है लेकिन यह हिंदू राष्ट्र उसी तरह नहीं बना है जैसे कि दुनिया के कई मुस्लिम या ईसाई या यहूदी राष्ट्र बने हुए हैं। इसका संविधान भी इसे धर्म-निरपेक्ष राष्ट्र ही कहता है। इसके बावजूद भारत में हर प्रकार की सांप्रदायिकता विद्यमान है। यह वही सांप्रदायिकता है, जिसके चलते भारत के टुकड़े हुए लेकिन भारत सरकार, वह चाहे नेहरुजी की हो या अटलजी की और मनमोहनसिंहजी की हो या नरेंद्र मोदी की हो, उसकी कोशिश होती है कि वह मजहब के आधार पर कोई भेद-भाव नहीं करे। इसका प्रमाण वे छात्रवृत्तियां हैं, जो धार्मिक अल्पसंख्यकों के बच्चों को दी जाती हैं। 2016 से 2021 के इन पांच वर्षों में लगभग 3 करोड़ छात्रवृत्तियां भारत सरकार ने दी हैं। उनमें से अकेले मुसलमान छात्रों को 2 करोड़ 30 लाख छात्रवृत्तियां मिली हैं। ईसाई छात्रों को 37 लाख, सिखों को 25 लाख, बौद्धों को 7 लाख, जैनों को 4 लाख, पारसियों को लगभग 5 हजार छात्रवृत्तियां मिली हैं। मोदी सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि यह मुस्लिम-विरोधी है लेकिन उक्त आंकड़ा इस तर्क को सिरे से रद्द करता है। मोदी की विचारधारा और दृष्टि कुछ भी हो सकती है लेकिन यह छात्रवृत्ति नरेंद्र मोदी नहीं दे रहे हैं, मोदी सरकार (भारत सरकार) दे रही है। यह छात्रवृत्ति ऐसे छात्रों को मिलती है, जिनके माता-पिता की आमदनी 1 लाख रु. साल से कम हो और उस छात्र को 50 प्रतिशत से ज्यादा नंबर मिले हों। अब ऐसे 5 करोड़ छात्रों को यह आर्थिक सहायता मिला करेगी। मुस्लिम छात्राओं को बेगम हजरतमहल छात्रवृत्ति मिलेगी। इस मद पर अभी सरकार ने लगभग 10 हजार करोड़ रु. खर्च किए हैं। अगले पांच वर्ष में यह राशि दुगुनी होने की उम्मीद है। ज़रा सोचें कि अल्पसंख्यकों में मुसलमान छात्र-छात्राओं को ही इतनी ज्यादा छात्रवृत्तियां क्यों मिली हैं? एक तो उनकी संख्या अन्य अल्पसंख्यकों के मुकाबले कई गुना है। इससे भी बड़ी बात यह है कि सबसे ज्यादा गरीब तबके मुसलमानों में ही हैं। इनके मुसलमान बनने का सबसे बड़ा कारण भी यही रहा है कि या तो ये लोग बहुत गरीब रहे या अछूत रहे या अशिक्षित रहे। इस्लाम कुबूल करने के बावजूद इनकी गरीबी, इनकी जातीय जकड़ और शिक्षा-स्तर में ज्यादा फर्क नहीं आया। इनका मूल वंचित चरित्र इस्लाम कुबूल करने के बावजूद आज तक बना हुआ है। इस्लाम इन्हें कोई राहत नहीं दिला सका। ये मूलतः वंचित लोग हैं। इन्हें जाति, मजहब, रंग या भाषा के आधार पर नहीं, बल्कि इनकी प्रवंचना के आधार इनको प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में गूंजें ठहाके, लगे भारत माता के नारे

## जयश्वर महादेव मेला में रात भर चला कवि सम्मेलन



**अम्बाह।** नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा आयोजित जयश्वर महादेव मेला में हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कभी ठहाके गूंजें, तो कभी गीतों पर आहें भरी गईं, तो कई बार वीर रस की कविताओं पर भारत मां की जय के नारे लगे। रात भर चले कवि सम्मेलन में श्रोताओं ने कवियों से अपनी पसंदीदा कविताएं भी सुनीं। कवि सम्मेलन का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के प्रशासक एवं एसडीएम राजीव समाधिया और सीएमओ रामनिवास शर्मा, भाजपा अध्यक्ष कल्ला शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। काव्य पाठ का शुभारंभ गुजरात से आई कवयित्री श्वेता सिंह द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। प्रथम कवि के रूप में रामअवतार शर्मा ने व्यंग्य रचनाएं पढ़ी और उनके बाद देश के प्रसिद्ध युवा गीतकार अमन अक्षर ने भाव सूचियां बहुत हैं भाव सिर्फ राम हैं जैसी अपनी सुविख्यात रचना से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्तिमय वातावरण को ओज में बदलने के लिए अलवर से पधारे ओजस्वी कवि विनीत चौहान को आमंत्रित किया गया उनके रचना पाठ ने नया जोश और उत्साह पैदा किया । उन्होंने देश के अंदर बैठे दुश्मनों को ललकारते हुए रचना पाठ करते हुए कहा कि-

रक्तिम आंखों से मैं पूरा भारत जलते देख रहा हूं,
आस्तीन में काले विषधर हर दिन पलते देख रहा हूं।
गिनती पूरी कौन करेगा इन पागल शिशुपालो की,
कौन शीश काटेगा, फिर से शकुनि वाली चालो की।

इसके बाद मंच संचालित कर रहे दिल्ली से पधारे कभी डॉ प्रवीण शुक्ल ने जीवन के सार को पंक्तियों में प्रस्तुत करते हुए कहा कि-

जाने कितने अनुभवों का है यही बस सार अंतिम,
तोडना मत मन के रिश्तों का कभी भी तार अंतिम।
जिंदगी की उलझनों से जूझ के जाना ये मैंने,
ना कोई भी जीत अंतिम ना कोई भी हार अंतिम।।

इसी क्रम में प्रेम भरे गीतों का गुलदस्ता लेकर गुजरात से आई कवित्री श्वेता सिंह ने जब प्रेम गीत गुनगुनाया तो युवा वाह और आह कहते नजर आए। वानगी देखिए-

तुम्हें प्रस्ताव नैनों का अगर स्वीकार हो जाए,
अंधेरे कोष्ठ में दिल के मेरे उजियार हो जाए।
तुम्हारे ही कदम पर मैं चलूँगी संग जीवन भर,
हमारे प्रेम का दुश्मन भले संसार हो जाए।।

कवि सम्मेलन में डॉ राम किशोर उपाध्याय की देशभक्ति पूर्ण रचनाओं ने वातावरण में जोश भरा और भारत माता के जयकारे लगे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से कहा कि-

देशद्रोह के संयंत्रों से करते जो इंकार नहीं है
जिन्होंने अपना सब कुछ केवल चीन पाक को माना है।
लाल सलामी देकर कहते भारत देश मिटाना है।।
ऐसे मीरजाफरों का अब मरना बहुत जरूरी है।
देश जलाने वालों का अब डरना बहुत जरूरी है।।

अखिल भारतीय हास्य कवि जॉनी बैरागी की हास्य छिड़काव और कविताओं का दौर काफी लंबा चला और लोग देर तक ठहाके लगाते रहे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के उपस्थित सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्यों ने कवियों का शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान भी किया।

## नवल सागर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री नियुक्त



**मुरैना।** मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मुरैना की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं अनु.जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश जाटव के निर्देशनुसार, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता की सहमति से भाजपा अनु जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पिप्पल ने नवल सागर को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। नवीन पद मिलने के बाद श्री सागर ने कहा कि वरिष्ठ नेतृतव ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उसका निर्वहन में पूरी निष्ठा के साथ करूंगा। श्री सागर को नवीन दायित्व मिलने पर उनके ईष्ट मित्र सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अनुसूचित मोर्चा भाजपा जिला मुरैना में जिला मंत्री का नवीन दायित्व मिलने पर नवल सागर ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ योगेश पाल गुप्ता के निज निवास पर पहुंचकर आत्मीय मुलाक़ात कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

## दिव्यांग युवक को रंजिशन मारी गोली, ग्वालियर रैफर

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के गुलाबपुरा गांव के पास सोमवार की रात 9 बजे के करीब वापस लौट रहे एक दिव्यांग युवक को पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने मिलकर गोली मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अंबाह अस्पताल लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चिरपुरा रोड निवासी रामसेवक पुत्र हाकिम सिंह सखवार उम्र 40 साल सोमवार की रात गुलाबपुरा गांव से वापस अपने घर आ रहा था, उसी समय गुलाबपुरा गांव के पास ही तीन लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर कट्टे से फायर कर दिया। गोली रामसेवक के कंधे में लगी, जिससे वह घायल हो गया। रामसेवक को गोली लगने की सूचना उसके भतीजे को लगी, तो भतीज उसे अंबाह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। बताया जाता है कि गोली मारने वालों में रामसेवक का ही चाचा व दो अन्य व्यक्ति है। चाचा का रामसेवक से पारिवारिक विवाद चला रहा था, जिसको लेकर गोली मारना बताया जा रहा है। पुलिस रामसेवक के बयानों के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

# रेंज ऑफिसर ने अलग-अलग जगह से लकड़ी से भरी दो गाड़ियों को चालक सहित पकड़ा




**मुरैना।** वन विभाग की रेंज ऑफिसर श्रीमती श्वेता तिवारी ने गश्ती भ्रमण के दौरान डीएफओ स्वरूप दीक्षित के निर्देशन में अलग-अलग जगह से दो लकड़ी से भरी गाड़ियों को चालक सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वन विभाग की रेंज ऑफिसर श्रीमती श्वेता त्रिपाठी को गश्ती भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कैलारस से मुरैना की तरफ टाटा 407 लोडिंग गाड़ी में बबूल की हरी लकड़ी के गट्टे और लकड़ी भरी हुई चालक लेकर आ रहा है। वन विभाग की रेंज ऑफिसर श्रीमती श्वेता त्रिपाठी ने मुरैना गांव के पास गाड़ी को रोककर गाड़ी पर लगी काली त्रिपाल को हटाकर देखा तो गाड़ी के अंदर हरे पेड बबूल की लकड़ी भरी हुई थी। श्रीमती त्रिपाठी ने अवैध लकड़ी से भरी हुई गाड़ी को जप्त कर चालक सहित वन डिपो में कार्रवाई के लिए टीम को सुपुर्द कर दिया है। गाड़ी चालक लाखन रजक निवासी माली बाझना थाना कैलारस से टीपी बारे में पूछा गया तो उसने नहीं होना बताया। वन विभाग के अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ 1927 की धारा 41 में दोषी पाते हुए मामला दर्ज किया है, इसके साथ ही जौरा रोड से बुलेरो पिकअप गाडी को रोककर तलाशी ली तो गाडी चालक राजू कुशवाह निवासी घूंघस जौरा की गाडी की तलाशी के दौरान बबूल की जलाऊ लकड़ी भरी हुई पाई गई। बताया जाता है कि गाड़ी चालक जलाऊ लकड़ियों को गाड़ियों में भरकर दूध की डेयरियों पर डालने के लिए जा रहे थे। विभाग के अधिकारियों ने दोनों गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# विवाद के चलते लंबित पड़ा सड़क निर्माण कार्य प्रशासन व पुलिस ने कराया आरंभ



**मुरैना।** चिन्नौंनी चंबल से खेड़ा कलॉ तक विवाद के चलते अधूरा पड़ा सड़क सड़क निर्माण का कार्य एसडीओ पीडब्ल्यूडी एवं एसडीओपी के प्रयासों से मंगलवार को आरंभ करा दिया गया जिससे ग्रामीणों को 12 किलोमीटर कम चलना पड़ेगा और उन्हें राहत मिलेगी। बताया जाता है कि वर्ष 2017 से स्वीकृति राशि 3.6 करोड से चिन्नौनी चम्बल से खेडा कला तक सड़क निर्माण होना था, जिसका निर्माण विवाद के कारण नहीं हो रहा था। उक्त सडक निर्माण उपरांत ग्रामीणों को कैलारस जाने हेतु 12 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी। यह जानकारी एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री शर्मा द्वारा एसडीएम विनोद सिंह को दी गई। मंगलवार को एसडीएम विनोद सिंह एवं एसडीओपी मानवेन्द्र सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ तथा एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री शर्मा द्वारा मौके पर मय राजस्व दल एवं पुलिस बल के साथ पहुंचकर सीमांकन कराकर चूना डालकर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। अब शीघ्र ही यह निर्माण पूरा करा दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।




# नगर के दो सैकड़ा से अधिक श्रद्धालुओं ने पूर्ण की नैमिषारण्य तीर्थ की 84 कोस की परिक्रमा



**अम्बाह।** अंबाह क्षेत्र के लगभग 2 सैकड़ा लोगों द्वारा इलाके में जन कल्याण, विश्व शांति,सुख समृद्धि की कामना को लेकर 15 दिवसीय नैमिषारण्य तीर्थ की परिक्रमा पूर्ण की। इस दौरान नगर वापसी पर सभी का भव्य स्वागत किया गया। तीर्थ में परिक्रमार्थियों ने खुले मैदान, धर्मशालाओं, बाग बगीचों, तीर्थ पुरोहितों व संत महात्माओं के आश्रमों में डेरा डाला। परिक्रमार्थियों ने पूरे दिनों राम नाम का जयकारा लगाते हुए ऋषियों की भूमि में तीर्थ की पवित्र नदी गोमती और चक्रतीर्थ में स्नान पूजन करके दान किया। उसके बाद नैमिष तीर्थ स्थित मां ललिता देवी मंदिर, व्यास गद्दी, सूत गद्दी, नैमिष नाथ, हनुमान गढ़ी, देवदेवेश्वर, देवपुरी, बालाजी, सत्यनारायण सन्निधि मंदिर, कालीपीठ आदि धार्मिक स्थलों का दर्शन पूजन किया। इस दौरान पूरे नैमिष में परिक्रमार्थियों के छोटे-छोटे टेंट झोपड़ी का नजारा काफी आकर्षक लग रहा था। नैमिष में यात्रा के दौरान जहां कई जगह परिक्रमार्थियों द्वारा चूल्हे पर भोजन बनाने का दौर जारी था। वहीं तीर्थ में ही कई आश्रमों मंदिरों में भी भंडारे का भी अनवरत दौर जारी रहा। स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा के पड़ाव में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा चलाया गया। नीलकंठ आश्रम, परिक्रमा मार्ग स्थित कई आश्रमों सहित नैमिष में अनेक स्थानों पर प्रसाद वितरण किया। नैमिष तीर्थ में चक्रतीर्थ प्रांगण, रामानुजकोट मंदिर, बालाजी मंदिर समेत कई मंदिर मठों में विशिष्ट धार्मिक अनुष्ठानों भी किये। रामदास अग्रवाल ने बताया कि ईश्वर की भक्ति के अनेक रंग इस परिक्रमा में देखने को मिले। धर्म के उन्हीं अनूठे रंगों में से एक हठयोग है।

# आक्रोशित परिजनों ने एंबुलेंस चालक को पीटा, मामला पुलिस के पास पहुंचा



**मुरैना।** गत दिवस निमोनिया पीड़ित बच्चे को उपचार के लिए मुरैना से ग्वालियर ले जाया गया और वहां पर उपचार न मिलने पर परिजनों ने एंबुलेंस किराए पर कर उसे दिल्ली ले गए, वहां से लौटने के दौरान एंबुलेंस चालक द्वारा गाड़ी को आगरा में नहीं रोके जाने तथा बाद में मुरैना आकर उनको घर नहीं छोड़े जाने से आक्रोशित परिजनों ने चालक की मारपीट कर डाली। पीड़ित चालक ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत दीक्षित निवासी रानपुर के पुत्र कृष्ण दीक्षित को निमोनिया हो गया था, जिसे वह रविवार को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां से चिकित्सकों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। मंगल हॉस्पिटल ग्वालियर से बालक को दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल ले जाने के लिए कहा गया। परिजनों द्वारा 18 हजार रुपए में दिल्ली के लिए एंबुलेंस की गई और वहां ले गए, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक दिल्ली से लौटते समय सोमवार-मंगलवार की देर रात को एंबुलेंस चालक कल्लो से कहा गया कि आगरा में गाड़ी रोक ले, परंतु उसने गाड़ी नहीं रोकी और मुरैना ले आया। एंबुलेंस चालक ने गाड़ी को मुरैना जिला अस्पताल के पास रोक लिया और उस समय रात्रि के 3 बज रहे थे। बच्चे के पिता द्वारा एंबुलेंस चालक को कहा गया कि वह उन्हें गांव छोड़ दे, लेकिन चालक ने मना कर दिया। पहले से ही बच्चे की मौत से दुःखी परिजन चालक के इस रवैया से और आक्रोशित हो गए तथा एंबुलेंस चालक की जिला अस्पताल में मारपीट कर दी। फिलहाल यह मामला पुलिस के पास पहुंच गया है, लेकिन अभी तक क्या कार्रवाई हुई है यह ज्ञात नहीं हो सका है।

# उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने एनएसएस के राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता कर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** स्वास्थ्य,जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम सतनबाड़ा कलां जिला शिवपुरी में 7 से 13 मार्च तक आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के 52 जिलों के 625 चयनित स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर नेतृत्व के गुर सीखे। भिण्ड से चयनित रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जिले से एनएसएस युक्त महाविद्यालयों से 9 तथा शालेय स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय से 2 चयनित छात्र संजयदत्त शर्मा एवं हर्षित यादव ने प्रतिनिधित्व किया।शिविर में आयोजित विभिन्न सत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवम राज्य स्तरीय मंच पर बौद्धिक सत्र में मंच संचालन और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर भिण्ड जिले का नाम रोशन किया।अतिथियों द्वारा छात्रों को मेडल,बैज एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गिरिजा नरवरिया उपस्थित रहीं। उच्च शिक्षा विभाग मधयप्रदेश शासन एवं खेल और युवा कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदेश में नवाचार कर रही है,जिसके माध्यम से शिक्षा के साथ -साथ समाज सेवा के द्वारा छात्रों का व्यक्तित्व विकास किया जाता है।शिविर में रोजाना योगा- व्यायाम,परियोजना एवम सर्वेक्षण कार्य,बौद्धिक तथा सांस्कृतिक सत्र कराए गए,जिसमे मध्यप्रदेश की बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर तथा एवरेस्ट की चोटी पर फतह करने वाली प्रदेश की प्रथम महिला सुश्री मेघा परमार, मध्यप्रदेश से भारतीय युवा संसद के लिए चयनित छात्रा राजेश्वरी अंजना,बाल संरक्षण की आवाज़ संस्था के डायरेक्टर प्रशांत दुबे,यूनिसेफ की प्रतिनिधि मार्गरेट ग्वाडा जैसी महान हस्तियों ने कैंप में विजिट कर शिविरार्थियों का मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया, वहीं विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ,शिक्षाविद,समाज शास्त्री, न्यायविद,चिकित्सकों आदि द्वारा उद्बोधन दिए गए।शिवपुरी कलेक्टर अक्षय सिंह एवम पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल का विशेष सहयोग रहा।उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा छात्रों को वर्चुअली संबोधित किया गया।इस दौरान शिवपुरी में गर्ल्स कॉलेज से शहीद तात्या टोपे चौराहे तक एक वृहद रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया और छतरी पार्क एवं माधव राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया गया।शिविर का संचालन जीवाजी विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में समन्वयक डॉ रविकांत अदालतवाले की मेजवानी में हुआ ,जिसमे कैंप डायरेक्टर मध्यप्रदेश के एनएसएस राज्य अधिकारी डॉ आर के विजय,प्रदेश के खेल एवम युवा अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा एवम कैंप कमांडर ई टी आई प्रशिक्षक राहुल सिंह परिहार के कुशल नेतृत्व एवम मार्गदर्शन में शिविर की विभिन्न गतिविधियां कराई गईं।। इस स्टेट लीडरशिप ट्रेनिंग कैंप में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कार्यक्रम समन्वयक,कुल सचिव महोदय के साथ चयनित जिला संगठक,कार्यक्रम अधिकारी एवम स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर व्यक्तित्व विकास के जीवनोपयोगी गुर सीखे।

## बजट सत्र 2022: सदन में गूंजा किसान की मौत का मुद्दा, रूक्ष शिवरतन शर्मा ने पूछा तेंदूपत्ता संग्राहकों को कब मिलेगा भुगतान




**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो पुष्पांजली तोड़ा**

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के 7वें दिन विपक्ष सरकार को जमकर घेर रहा है. साथ ही विपक्ष के विधायक एक के बाद एक कई सवाल दाग रहे हैं. सरकार भी बेबाकी से सभी सवालातों के जवाब दे रही है. इसी बीच सदन में नवा रायपुर में चल रहे किसान आंदोलन में किसान की मौत का मुद्दा उठा. इस दौरान विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा किसानों की मौत हो रही है कल भी एक किसान आंदोलन में भाग लेने आ रहा था, रास्ते में सड़क दुर्घटना के दौरान उसकी मौत हो गई. इसके साथ ही सदन में विधायक डमरूधर पुजारी ने वन मंत्री मोहम्मद अकबर से पूछा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों के भुगतान क्यों बाधित हैं. पुजारी ने कहा कि समय बताएं कब भुगतान होगा. इस मामले में मंत्री अकबर ने कहा कि ऑडिट नहीं होने से भुगतान रुका है. सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान किया जाएगा.बजट सत्र 2022

## पोस्टर के माध्यम से बताए उपभोक्ताओं के अधिकार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह** - विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के अन्तर्गत आर्थिक परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एम.ए. अर्थशास्त्र के विधार्थियों द्वारा पोस्टर निर्माण एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता आर्थिक परिषद के परामर्शदाता डॉ. मनोज कुमार शर्मा एवं विभाग की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती आरती गुर्जर के निर्देशन में संम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. संयोगिता वर्मा, द्वितीय स्थान कु. गिरिजा शर्मा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम.ए द्वितीय सेमेस्टर से कु. आकाक्षा गुप्ता ने प्राप्त किया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने विजयी प्रतिभागियों को वधाई दी, और विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी।

## आगामी त्योहारों के चलते थाने में रखी गई शांति समिति की बैठक



**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** –थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम शुभम शर्मा थाना प्रभारी गोपाल सिंह सिकरवार सीएमओ सतीश दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे सभी अधिकारियों द्वारा आगामी त्योहार होली फाग महोत्सव नव दुर्गा मेला दंगल शबे बरात आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने हेतु सभी लोगों से सुझाव मांगे एवं अपनी ओर से अपील करते हुए कहा के त्योहार को सदभावना पूर्वक मनाएं साथ ही पानी का कम इस्तेमाल करें सूखे गुलाल अबीर से होली खेलने का प्रयास करें इस मौके पर शांति समिति में शामिल हुए कई लोगों ने अपने अपने सुझाव व्यक्त किए जिनमें नगर में 13 जगह कैमरा लगवाने हेतु पानी बचाने के लिए नलों में टोटियां लगाने ,नाली सफाई ,मुक्तिधाम ,होली त्योहार फाग महोत्सव नव दुर्गा मेला दंगल शबे बरात आदि लगभग सभी त्योहारों में क्या कुछ किया जा सकता है इसके लिए सुझाव मांगे सभी ने अपने अपने सुझाव अधिकारियों को दिए अधिकारियों ने भी अधिकांश सुझाव को जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया इस मौके पर काजी हशमत अली शाबू खान तहसील साह अमर सिंह जाटव संजय झा नरेंद्र श्रीवास्तव आदि लगभग दो दर्जन लोग मौजूद थे

## ग्वालियर शहर में हुआ एक आधुनिक होली फेस्टिवल सूट

**ग्वालियर ।** होली हिंदु रीति रिवाज में बहुत बड़ा त्यौहार माना जाता है इसका सूट ग्वालियर शहर में पहली बार हुआ सूट कराने वाले Kds Photography Group के डायरेक्टर अरविंद राठौर,आदित्य क्रिएशन के ओनर आदित्य सक्सेना ने कहा ऐसा सूट ग्वालियर में पहली बार हुआ है यह सूट ग्वालियर को नई ट्रेंड और पहचान दिलाने के लिए हुआ है जो कि आजकल




के लोग अपने त्यौहारों को भूल चुके हैं इस शूट से एक नई संस्कृति और नई जागरूकता लाने का भी संदेश मिलेगा यह सूट ग्वालियर शहर के होटल स्द्ब्य1द्गह्-ह्य में हुआ था यह सूट में पंजाबी, राजस्थानी और मध्य प्रदेश की थीम पर आधारित था इस सूट में बाहर से आई कई मॉडलों ने भी हिस्सा लिया दिल्ली से आई जानी-मानी पहचानी ग्वालियर नामी-गिरामी मॉडलों ने हिस्सा लिया जैसे पूनम सिंह ,फिजा खान, अंजलि जैन ,वर्षा रजक दिव्यांशी ,निहारिका ,मिली शर्मा. शिवानी शाक्य,तनिष्का, नूपुर तोमर ,माही पांडे यह सूट पूरी तरह से निशुल्क था साथ ही इसी तरीके के शूट भविष्य में होते रहेंगे जिससे शहर की प्रतिभा को नई पहचान मिल सके

## शराब के नशे में धुत युवक ने डॉक्टर के साथ की अभद्रता, डॉक्टर ने पीछा कर युवक को कोतवाली पुलिस को सौपा

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** जिला अस्पताल में रात होते ही कई मरीजों के साथ शराब पीकर लोग पहुंच जाते हैं । नशे की हालात में डॉक्टरों के साथ अभद्रता की जाती है । ऐसा ही मामला सोमवार को देर रात सामने आया। जब एक मरीज के साथ पहुंचे युवक ने ड्यूटी डॉक्टर धीरेंद्र यादव के साथ गाली गलौज कर दी । डॉक्टर ने युवक का पीछा किया और अस्पताल चौराहे पर खड़े युवक को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया । दरअसल शहर के अभिषेक नामक युवक को कुत्ते ने काट लिया । वह इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचा । इस दौरान नाइट ड्यूटी पर तैनात डॉ धीरेंद्र यादव किसी गंभीर मरीज के उपचार में जुटे थे । इलाज में देरी होने पर अभिषेक के साथ पहुंचे दूसरे युवक ने डॉक्टर के साथ शराब के नशे में गाली-गलौच कर दी। जब डॉक्टर ने गाली देने से मना किया तो युवक ने उनके साथ अभद्रता कर दी। इसके बाद डॉक्टर ने अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड को बुलाया। यह देखकर आरोपी युवक अस्पताल से भाग निकला। सुरक्षा



गार्ड और डॉक्टर युवक का पीछा करते हुए अस्पताल चौराहे पर पहुंचे। जहां एक दुकान में युवक बैठा मिल गया।

### आरोपी को डॉक्टर ने किया पुलिस के हवाले

बीती रात डॉक्टर धीरेंद्र यादव ने तुरंत कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़कर कोतवाली ले गई। इस दौरान अस्पताल चौराहे पर काफी देर तक हंगामा होता रहा और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नहीं कोई इंतजाम जिला अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं दिखाई देते हैं हालांकि जिला अस्पताल में पुलिस चौकी के साथ-साथ जिला अस्पताल के गार्ड तो है परंतु रात के समय अस्पताल चौकी मैं पुलिस पुलिस बल का कोई अता पता नहीं रहता। वही जिला अस्पताल मैं भी गार्डों का भी रात के समय कोई अता पता नहीं रहता। ऐसे में रात के समय डॉक्टरों की सुरक्षा कैसे होगी।

# ‘तंबाकू मुक्त पाली’ बनाने के लिए 100 दिन चलेगा विशेष अभियान

### सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने पत्रकार वार्ता में दी 100 दिवसीय कार्ययोजना की जानकारी, तंबाकू निषेध दिवस पर होगी जिले में विशेष ग्राम सभा, कोटपा एक्ट के तहत होंगी सख्त कार्रवाई

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली ।** सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने कहा कि तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत पाली जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए आगामी 100 दिन विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जहां आमजन को जागरूक किया जाएगा, वहीं तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं इनके विज्ञापन पर विशेष नजर रखी जाएगी।

वे मंगलवार को बांगड़ अस्पताल परिसम में संचालित हो रहे जिला प्रशिक्षण केंद्र में निरोगी राजस्थान अभियान के तहत तंबाकू मुक्त राजस्थान की 100 दिवसीय कार्ययोजना के बारे में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की जन घोषणा क्रियान्वति एवं निरोगी राजस्थान अभियान के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान की 100 दिवसीय कार्ययोजना की क्रियान्विति को लेकर चिकित्सा विभाग जुट गया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के जन घोषणा पत्र के बिन्दु संख्या 24 के 19.4 पर अंकित नीति ÷युवाओं में नशे की लत रोकने हेतु कारगर कदम उठाना÷ तथा निरोगी राजस्थान अभियान के अंतर्गत तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान की 100 दिवसीय कार्ययोजना बनायी गयी है। इसी कड़ी में पाली जिले में भी कई गतिविधियां आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तंबाकू निषेध दिवस पर 31 मई को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा, जिसमें तंबाकू के दुष्प्रभाव को लेकर आमजन को जागरूक किया जाएगा एवं जिले के विभिन्न गांवों को पूर्णतरू तंबाकू मुक्त बनाने के सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। इस संबंध में एनएचएम एमडी डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी व जिला कलेक्टर नमित मेहता ने स्वास्थ्य विभाग को कार्य योजना बनाकर सघन जागरूकता व प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ. मिर्धा ने बताया कि अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य योजना की क्रियान्विति के लिए सभी विभागों की जिम्मेदारियां तय करते हुए लक्ष्य निर्धारित कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। पुलिस विभाग के सहयोग से कोटपा अधिनियम के तहत नियमित कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद की बैठकों में तम्बाकू नियंत्रण के विषय में प्रस्ताव पारित कर ग्रामीण स्तर तक लोगों से तंबाकू छोडने के लिए संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। आगामी 30 अप्रेल को सभी विभागाध्यक्षों की ओर से जिले के गांव-कस्बों तक कोटपा अधिनियम के तहत चालान किए जाएंगे। कहीं भी खुली सिगरेट बेचना अधिनियम के खिलाफ है, ऐसे में खुली सिगरेट बेचान करने वालों पर कार्रवाई होगी। इसी तरह तंबाकू उत्पादों का प्रदर्शन करने एवं प्रचार-प्रसार करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। साथ ही सभी स्कूलों, शिक्षण संस्थाओं व आंगनबाड़ी केंद्रों सहित चिकित्सालयों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा और शिक्षण संस्थाओं के नजदीक तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्णतरू रोक लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर तंबाकू नियंत्रण विषय पर विद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। जिले के स्टूडेंट्स अभियान के लीडर बनकर अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करेंगे। इसी तरह पंचायती राज प्रतिनिधियों को तंबाकू निषेध के तहत आमुखीकरण किया जाएगा। डॉ.मिर्धा ने बताया कि स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों तथा शहरी क्षेत्र में महिला आरोग्य समितियों व आशा सहयोगिनियों के माध्यम से नारा लेखन एवं अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। चिकित्सा, शिक्षा, आईसीडीएस, पुलिस व खाद्य आपूर्ति विभाग, स्थानीय निकाय, परिवहन विभाग व अन्य सरकारी-गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित कर तंबाकू नियंत्रण, ई-सिगरेट व हुक्का बार प्रतिबंध के नियमों को लेकर जानकारी दी जाएगी। जिले को तंबाकू मुक्त करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों पर कोटपा एक्ट की जानकारी वाले पम्पलेंट्स वितरित किए जाएंगे।



## ग्राम सिकरोड़ी में भाफियाओं से शासकीय प्रशासन ने करवाई भूमि मुक्त

**गणेश शंकर राजोरिया पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह।** ग्राम सिकरोड़ी मैं शासकीय भूमि पर भू-माफिया के कब्जों पर मंगलवार को प्रशासन का बुल्डोजर चलाया गया।यह कार्रवाई प्रशासन की माफिया विरोधी अभियान के तहत की गई।ग्राम सिकरोड़ी के बीहड़ व गोचर की भूमि में जहाँ भू-माफिया द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया एवं उसमें सरसों की फसल बोई थी जिस पर खड़ी फसल को शासन ने जब्त कर शासकीय भूमि को मुक्त करा लिया है जानकारी के अनुसार शासकीय कार्यवाही के दौरान तहसीलदार ,नायब तहसीलदार, सिहोनिया थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे। राज्य सरकार ने भू-माफियाओं द्वारा सरकारी एवं निजी सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा करने की शिकायतें शासन एवं प्रशासन स्तर पर प्राप्त होती रहती हैं। ऐसे अतिक्रमणकर्ताओं / भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है, ताकि जनमानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न हो। सार्वजनिक एवं निजी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे के प्रकरणों में जनसामान्य को अपनी शिकायत सुगमतापूर्वक दर्ज कराने, शिकायत पर कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करने, अपना फीडबैक एवं सुझाव देने व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इन शिकायतों पर की गयी कार्यवाही का सतत् अनुश्रवण किये जाने के उद्देश्य से इस ‘एन्टी भू-माफिया पोर्टल’ का विकास किया गया है।

# जिसके पास श्रद्धा नहीं वो अवसाद का शिकारः रमेशभाई

## आज समापन दिवस, सुबह 9 बजे से शुरू होगी कथा





ग्वालियर। श्रद्धा बहुत ब?ी शक्ति है, जिसके पास श्रद्धा नहीं हैं, वो ब?ा कमजोर है। धर्म, ईश्वर, सद्गुरू और स्वयं श्रद्धा होना जरूरी है, जिनमें श्रद्धा नहीं हैं वे अवसाद के शिकार बन जाएंगे। यह विचार संत रमेशभाई ओझा ने फूलबाग सांईधाम में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के सांतवे दिन व्यक्त किए। समापन दिवस की कथा 16 मार्च को सुबह 9 बजे से आरंभ होगी।

सांईभक्त मंडल द्वारा आयोजित हो रही कथा में हजारों श्रद्धालु श्रोताओं के बीच अमृतवर्षा करते हुए संतश्री ने कहा कि जो ज्यादा ज्ञानी होते हैं, वे अवसाद के अधिक शिकार होते हैं। उनके पास तर्क और विचार तो है, लेकिन श्रद्धा नहीं हैं,इसलिए वे अवसाद से त्रस्त रहते हैं। अवसाद का भय उन्हें तनावग्रस्त बनाए रहता है।

### श्रद्धा बिना नहीं हो सकता ज्ञान....

उन्होंने कहा कि जिसप्रकार जीवन के लिए रोटी और पानी और मां क ी गोद की सबसे ज्यादा जरूरत है। माता भवानी श्रद्धा और पिता शिव विश्वास है। परंतु बालक श्रद्धा की गोद में पलता है। बौद्धिक विकास कितना ही क्यों न हो जाए, अगर श्रद्धा नहीं है तो जिंदगी की नाव डगमगाती रहेगी। श्रद्धा नहीं हैं तो ज्ञान भी नहीं हो सकता है। श्रद्धा माता पार्वती और पुत्र ज्ञान गणेश है। श्रद्धा की गोद में ज्ञान खेलता है,साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पूजा-पाठ उतना ही करो जिससे कर्म पर उसका विपरीत प्रभाव न प?। भाग्य पर भरोसा करके बैठा रहना कायरों का काम है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने लोग भूख से नहीं उतने लोग ज्यादा और गलत खानपान से मरते हैं। अमृत की अति भी विष है।

### गणपति के समान हो राजा.....

उन्होंने कहा कि राजा गणपति के समान होना चाहिए, जिसके बड़े कान सबकी सुन सकें, जिसकी पैनी दृष्टि सबको समभाव से देख सके। जिसकी लंबी नाक गंध लेकर वस्तुस्थिति के भांप सके। बड़ा पेट रहस्यों को अपने भीतर रहस्यों को समेट सके। गणेश जैसा राजा हो तो रिद्धि- सिद्धि आती हैं और उनसे शुभ-लाभ जैसे पुत्र होते हैं।

**जनता पर इतना बोझ मत लादो कि वो उठ न सके**

उन्होंने कहा कि विशालकाय लंबोदर का वाहन चूहा है,क्या वह उन्हें लेकर चल पाएगाड़ गणपति राजा और चूहा जनता का प्रतीक है। उस पर इतना बोझ मत लादो जो वह उठा न से। राजा को मोदक प्रिय होना चाहिए। वह सदा खुश रहे तभी जनता खुश रहेगी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के भरोसे मत बैठे, जिसके भीतर कुछ करने का जज्बा है वो न सिर्फ काम करता है बल्कि आगे निकल जाता है। संसाधनों के अभाव में भी उसे आगे बड़ने से कोई नहीं रोक सकता है। राजनैतिक मूल्य यदि कम होते जाएंगे तो राजनीति कचरा बन जाएगी।

### प्रकृति की सबसे खूबसूरत रचना मनुष्य.....

उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति की सबसे खूबसूरत रचना है,जिसके पास कर्म करने की स्वतंत्रता है। अपने सुख-दुख के निर्माता हम स्वयं है। हम संसार में प्रारब्ध लेकर आते हैं और कर्म का फल लेकर जाते हैं। संसार में हम जैसा कर्म करते हैं, फल भी वैसा ही मिलता है। अच्छे काम के अच्छे परिणाम को पुण्य कहते हैं। संसार में दीनहीन बनकर मत रहो। समस्याओं में भी शेर बनकर दहाड़ो उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब आदमी के बच्चे को भी अच्छी शिक्षा और चिकित्सा मिलना चाहिए। संसाधनों के आभाव में कोई बच्चा अच्छी शिक्षा पाने से वंचित नहीं होना चाहिए। जो सुविधाएं धनाड्य परिवार के बच्चों को स्कूल में मिलती हैं, वैसी सुविधाएं हम अपने विद्यालय में आदिवासियों के बच्चों को निःशुल्क दे रहे हैं। ये फ्री नहीं इनवेस्टमेंट है, जिसका अच्छा परिणाम आने वाले समय में समाज को मिलेगा।

भाईश्री ने कहा कि स्वार्थवादी सोच ने देश को कमजोर किया है। राष्ट्र सर्वोपरि रहना चाहिए। गुलामी से हम कमजोर नहीं हुए, बल्कि कमजोरी से गुलाम हुए। हमारे भीतर यदि स्वार्थ की कमजोरी नहीं होती तो महमूद गजनवी जैसे लुटेरे भारत में नहीं घुस पाते। भगवान अच्छा करेंगे ये भरोसा लेकर पुरूषार्थ करोगे तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि उपभोक्तावाद के चलते व्यक्ति कुछ भी गलत काम करने को तैयार हो जाता है। वस्तु व्यक्ति के लिए है, व्यक्ति वस्तु के लिए नहीं हैं,इसलिए वस्तुओं का मोह न कर गलत काम में न पड़े।

### दो साल बाद फिर हो सकती है कथाः अनूप

कथा आरंभ से पूर्व श्रोताओं को संबोधित करते हुए श्रोताओं से आह्वान किया कि कथा के विराम दिवस अधिक से अधिक श्रोता आकर संतश्री को बताएं कि ग्वालियर के श्रोताओं में सबसे अधिक श्रद्धा है। यह कथा 17 साल बाद हो रही है, लेकिन मुझे भरोसा है कि दो साल के भीतर भाईश्री पुनः ग्वालियर में कथामृत की वर्षा करेंगे। अंतिम दिन कथा आरंभ से पूर्व तालियां बजाकर सभी उनसे इसके लिए निवेदन करेंगे।

इस मौके पर गंगादास की शाला के महंत रामसेवक दास महाराज, जडेरूआ सरकार, पूर्वमंत्री मायासिंह, पूर्वमंत्री भगवान सिंह यादव, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनियां, पूर्व विधायक राकेश शुक्ला, भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, उपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया, दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, राजू सेंगर, बिरजू शिवहरे,संजय शर्मा, जयसिंह कुशवाह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर श्री सिंह ने अचानक खेतों पर पहुँचकर किया गेहूँ की फसल का सत्यापन, जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीकृत किसानों की फसल का सत्यापन जारी



ग्वालियर। जिले के जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनके खेतों पर पहुँचकर यह सत्यापन किया जा रहा है कि खेत में गेहूँ की फसल खड़ी है या किसी और की। इस कड़ी में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंगलवार को अचानक डबरा तहसील के ग्राम सेंकरा जागीर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने पंजीकृत किसानों के खेत पर पहुँचकर फसल का भौतिक सत्यापन किया। सेंकरा जागीर ग्राम में गेहूँ उपार्जन के लिए 178 किसानों ने पंजीयन कराया है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान डबरा के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और तहसीलदार को निर्देश दिए कि गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीकृत किसानों के खेतों पर पहुँचकर फसल का सत्यापन करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि सत्यापन में कहीं भी गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित राजस्व अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने इस दौरान किसानों से रूबरू होकर उनकी कठिनाईयाँ व समस्यायें भी सुनीं। गेहूँ की फसल का सत्यापन करने पहुँचे कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सीएम हैल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण अभियान बतौर करें।

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने बीट समाधान केन्द्रों से जुड़कर हल कराईं समस्याएँ

**दिए निर्देश विशेष ग्राम सभाओं में कराएँ जल जीवन मिशन पर चर्चा**

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने निर्देश दिए हैं कि ग्वालियर ङ्क चंबल संभाग के सभी गाँवों में 22 से 31 मार्च तक विशेष ग्राम सभायें आयोजित कर जल-जीवन मिशन पर विस्तार से चर्चा करें, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर तक नल की टोंटी से पेयजल उपलब्ध हो सके। श्री सक्सेना समझौते से समाधान कार्यक्रम के तहत संभागभर में स्थापित बीट समाधान केन्द्रों पर मंगलवार को हो रही जन-सुनवाई की ऑनलाइन समीक्षा कर रहे थे।






# ड्रोन तकनीक से खेती को फायदेमंद बनाने की तकनीक से रूबरू हुए कृषक

### किसानों एवं खेती से जुड़ी कंपनियों की बायर-सेलर मीट आयोजित



ग्वालियर। ड्रोन तकनीक किस तरह कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इस तकनीक का इस्तेमाल कर कैसे खाद-बीज व कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकता है। साथ ही किसान खेती के साथ-साथ कैसे उद्यमी बन सकते हैं। ये सभी बातें ग्वालियर व चंबल संभाग के प्रगतिशील किसानों को व्यवहारिक रूप से बताई गईं। किसानों के समक्ष यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि फार्म में ड्रोन का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। इससे पहले बायर-सेलर मीट में किसानों को अपनी खेती को व्यवसायिकपरक बनाने की बारीकियाँ भी समझाई गईं।

नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक) द्वारा सोमवार को ग्वालियर के एक स्थानीय होटल में आयोजित की गई बायर-सेलर मीट में ग्वालियर, दतिया, भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी, श्योपुर, टीकमगढ़ व छतरपुर जिले के 30 किसान उत्पादक समूहों से जुड़े लगभग 50 किसानों ने भाग लिया। साथ ही नाबार्ड के जिला प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि इस बायर-सेलर मीट में बिग बास्केट, रिलायंस रिटेल, ओरिगो, यूसी इंटरनेशनल, नसीडीईएक्स एपेडा, गो फॉर फ्रेश, मिल्किनो व कारगिल इत्यादि कंपनियों ने शिरकत की। बायर-सेलर मीट में किसानों और कंपनियों ने एक - दूसरे का भरपूर सहयोग करने की हामी भरी है। इसके बाद कृषि विश्वविद्यालय में इफको कंपनी द्वारा ड्रोन तकनीक का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

### आईआईटी की छात्राओं द्वारा ओड़पुरा में स्थापित स्टार्टअप का भ्रमण भी कराया

किसानों एवं खेती के उत्पादों से जुड़ीं विभिन्न कंपनियों की बायर-सेलर मीट के साथ-साथ किसानों को पशुपालन से संबंधित एक स्टार्टअप का भ्रमण भी कराया गया। आईआईटी दिल्ली से पड़ीं दो छात्राओं सुश्री कीर्ति जांगरा व सुश्री नीति यादव द्वारा ग्वालियर जिले के ग्राम ओड़पुरा में यह स्टार्टअप स्थापित किया गया है। इस स्टार्टअप में हरियाणा की मुर्रा नस्ल की भैंसे मोबाइल एप के माध्यम से और ऑफलाइन खरीदी व बेची जाती हैं।

# नारी शक्ति सम्मान से महिलाएं हुई सम्मानित



ग्वालियर बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था द्वारा 11वां नारी शक्ति सम्मान का आयोजन श्याम वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ऊर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर रहे जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने की विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल,आर पी माहेश्वरी,जेल प्रभारी प्रभाकर, डॉ बुशरा मलिक उपस्थित रही, कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी व आभार आशु बिपिन तोमर ने व्यक्त किया। सर्वप्रथम मा सरस्वती जी का पूजन व दीपप्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों में किया।बान्या माहेश्वरी ने श्री गणेश वंदना प्रस्तुत की। ततपश्चात होली महोत्सव पर संस्था अध्यक्षों ने व्रज के गानों पर मोर डांस प्रस्तुत किया व शिख डांस एकेडमी की छत्राओ ने मनमोहक प्रस्तुति दी। अतिथियों में शिक्षा,समाज सेवा,प्रशानिक,स्वास्थ्य,खेल व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया इस अवसर पर श्री प्रधुम्न सिंह ने कहा कि नारी शक्ति सदैव सम्मानीय है वही कमल माखीजानी व रमेश अग्रवाल ने भी सम्मानित सभी महिलाओं को महिला दिवस व होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोशनी ठाकुर, व्यंजना मिश्रा,हरीश मेवाफरोश,राजू सेंगर,सतेंद्र शर्मा,गुड्डू वारसी,बिद्या देवी कौरव,उषा चौहान,रुचिका श्रीवास्तव, अरुण्या गुप्ता, सोनल यादव, अभिषेक, दिनेश, मनोज पचौरी उपस्थित थे।


# एमके सिटी की तरह अन्य कॉलोनी वासी भी अपनी कॉलोनी के कचरे एवं सीवर का स्वयं करें निस्तारणः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर दिनांक 15 मार्च 2022-ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज शहर में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सिटी सेंटर स्थित एमके सिटी में कॉलोनी के निवासियों द्वारा बनाए गए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा ट्रीटेड पानी का री यूज करने का अवलोकन करते हुए कॉलोनी के निवासियों की सराहना की तथा शहर के अन्य कॉलोनी वासियों से भी इस तरह के प्रयोग करने का आग्रह किया। इसके साथ ही कॉलोनी में हरियाली एवं साफ-सफाई को देखकर निगमायुक्त ने कॉलोनी के निवासियों से शहर के नागरिकों को भी प्रेरित करने का आग्रह किया। निगमायुक्त श्री कन्याल ने मुरार क्षेत्र से साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए बारादरी के आसपास बने सीटीपी टी के पास ही ऑटो चालकों द्वारा गंदगी करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी ऑटो चालकों को समझाइश दी कि यह शहर हमारा है तथा यहां रोड पर गंदगी हमें नहीं करनी चाहिए और आपके पास में ही सीटीपीटी बना हुआ है इसका उपयोग करें। इसके साथ ही बारादरी चौराहे के पास लगे ठेले वालों से डस्टबिन रखने व गंदगी न फैलाने का आग्रह किया। वही इस स्थान पर एक पोहा एवं छोले भटूरे वाले ठेले संचालक द्वारा डस्टबिन को लेकर बहस की गई जिसको लेकर संबंधित के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

वहीं निगमायुक्त श्री कन्याल ने निगम अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि चौराहों के पास जो भी गुमठियां स्थाई रूप से रखी हुई हैं, जिनसे सौंदर्य करण प्रभावित हो रहा है उन गुमठियां की परमिशन चेक करें तथा जो गुमठियां अवैध रूप से रखे हैं उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई करें। इसके साथ ही वार्ड 60 में शिरोल सिंहपुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा जहां भी गंदगी मिली तत्काल गंदगी साफ करने एवं गोबर फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री कन्याल ने जनसुनवाई सुनते हुए कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करायें। आवेदक अपनी समस्या लेकर निगम के चक्कर न लगाये। इसके साथ ही सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर जनसुनवाई को निगम मुख्यालय में जनसुनवाई से कनेक्ट करने के साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व सहायक आयुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल सहित विभागाधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के वार्ड 4 घाटमपुर नौमहला घासमंडी के श्री गंगाराम शाक्य ने सार्वजनिक रास्ते पर पडी गिट्टी,मिट्टी एवं सरिया उठाये जाने के संबंध में, वार्ड 30 दिवाकर एन्कलेव सिटी सेंटर के श्री विकास महेश्वरी ने पार्क व सडक भूमि से अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के संबंध में, वार्ड 19 गोले का मंदिर के श्री सुधीर ने अतिक्रमण कर बनाई गई। झुग्गी झोंपडी को हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 21 बैंक कॉलोनी गोले का मंदिर के श्री रामू तिवारी ने सीवर लाईन डलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 66 ग्राम नौगांव के श्री बल्लू बघेल ने सरकारी रास्ता से कब्जा हटाये जाने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478